PAPERWELL
Date :
Page no.

दैनिक - भास्कर


भास्कर 16 - 10 - 2019

जागरूकता स्वीप टीम के इलेक्ट्रॉल क्लब ने वोटर्स को दी जानकारी

# मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता जागरूकता जरूरी

भास्कर न्यूज़ | बाढ़ड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने कस्बे की सड़कों पर मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया तथा शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सुबे सिंह के तत्वावधान में स्वीप टीम के इलेक्ट्रॉल क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वीप टीम प्रभारी विकास राणा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का चुनाव सिस्टम विश्व में सबसे निर्भिक स्वच्छ व स्वस्थ लोकतंत्र है। इलेक्ट्रॉल क्लब प्रभारी डा. अनीता ने कहा कि चुनाव में मतदान कर हम देश की विचारधारा में सहयोग कर सकते हैं। चुनाव प्रक्रिया लोकतंत्र का सबसे मजबूत हिस्सा है लेकिन इससे दूर रहने की बजाए हमें स्वयं को जागरुक करने के अलावा अन्य मतदाताओं को भी जागरूक करें तथा स्वच्छ छवि के लोगों का चयन करना चाहिए। कई बार योग्य लोगों द्वारा मतदान में सक्रिय तरीके से भागीदारी न करने से अयोग्य व्यक्ति चुने जाते है जो देश के विकास के लिए घातक साबित होते हैं। हमारा देश क्षेत्रफल व आबादी के तौर पर भले ही बड़ा हो लेकिन भारतीय लोकतंत्र की भावना सदैव एक समान रही है। देश का मतदाता सदैव भ्रष्टाचार के खिलाफ व मानवता की पक्षधर दलों के पक्ष में मतदान करने में अग्रणी रहा है।



बाढ़ड़ा। मतदाता जागरूकता रैली को रवाना करती कॉलेज प्राचार्य।

## छात्राओं ने रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश

भास्कर न्यूज़ | चरखी दादरी

एपीजे सरस्वती कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को को रेड रिबन क्लब की ओर से एक रैली का आयोजन किया गया। इसमें 45 छात्राओं ने भाग लिया। रैली के माध्यम से छात्राओं को एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यवाहक प्राचार्या तथा रैड रिबन क्लब के सदस्यों की उपस्थिति में रैली निकाली गई। महाविद्यालय से पुल पर जाकर यूटर्न लेते हुए महेंद्रगढ़ चुंगी से होते हुए वापस छात्राएं महाविद्यालय पहुंची। इसमें बीए, बीकॉम की छात्राओं ने भाग लिया।

दैनिक - जागरण

जागरण 16-10-2019

# मतदान के लिए रैली निकाल छात्राओं ने किया जागरूक

## छात्राओं को चुनाव के महत्व से करवाया अवगत




संवाद सहयोगी, बाढड़ा : कस्बे के महिला कालेज की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। कार्यकारी प्राचार्य डा. सूबे सिंह के नेतृत्व में स्वीप टीम के तहत छात्राओं को चुनाव के महत्व से अवगत करवाया। स्वीप टीम प्रभारी विकास राणा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का चुनाव सिस्टम स्वच्छ व स्वस्थ लोकतंत्र का स्वरूप है। डा. अनिता ने कहा कि चुनाव में मतदान कर हम देश की विचारधारा में सहयोग कर सकते हैं। चुनाव प्रक्रिया लोकतंत्र का सबसे मजबूत हिस्सा है। इससे दूर रहने की बजाए हमें स्वयं को जागरूक करने के अलावा अन्य मतदाताओं को भी इसका महत्व बताना चाहिए। कई बार योग्य लोगों द्वारा मतदान में सक्रिय तरीके से भागेदारी न करने से अयोग्य व्यक्ति चुने जाते हैं जो देश के विकास के लिए घातक साबित होते हैं। इस अवसर पर प्रो. सोनू, प्रो. मनीषा सहित कालेज स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद थे।




मतदाता चेतना रैली निकालती कन्या कालेज की छात्राएं। •विज्ञप्ति

Date :
Page no.

1-11-2019

www.jagran.com

# एकता दिवस पर छात्राओं ने निकाली जनचेतना रैली



कस्बे के कन्या कालेज में चेतना रैली निकालती छात्राएं। • जागरण

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने अनेक स्पर्धाओं में भागेदारी करते अलग-अलग स्थान हासिल किए तथा कस्बे में चेतना रैली निकालकर एकजुटता से रहने का आह्वान किया। कन्या कालेज में प्राचार्य डा. सूबेसिंह की अगुवाई में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी डा. मीना कुमारी व राष्ट्रीय दिवस प्रभारी डा. अनिता द्वारा संयुक्त रुप से आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सभी छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को देश की एकता, अखंडता के लिए समर्पित भावना से काम करने की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर आयोजित निबंध लेखन स्पर्धा में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सोनिया प्रथम, अंजू कुमारी द्वितीय, बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा संजीत कुमारी तृतीय रही। स्लोगन व पेंटिंग प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा ज्योति प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सविता द्वितीय, बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति कुमारी व बीए की छात्रा प्रियंका तृतीय स्थान पर रही।

PAPERWELL
Date :
Page no.

दिनांक - 16/11/2019



बाढड़ा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बनाए गए मॉडल दिखाते विद्यार्थी।

# महिला कॉलेज में विज्ञान स्पर्धा 13 कॉलेजों की टीम शामिल हुईं

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

महिला महाविद्यालय बाढड़ा में प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार गावा ने नेतृत्व में व साइंस सोसाइटी इंचार्ज प्रो. शम्मी लाज की अध्यक्षता में दो दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डॉ. ज्ञानेंद्र अहलावत डीएन छात्र वेलफेयर रोहतक के द्वारा किया गया।

उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने कर्तव्य का पालन करें तो समस्या का समाधान स्वंय हो जाता है। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. दिनेश गावा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे मध्य उपस्थित मुख्य अतिथि महान शिक्षाविद अनुभवी व बहुमुखी प्रतिभा के धनी है।

जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता में 13 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। इस दौरान वाइस प्रिंसिपल डॉ.सुबे सिंह ने महाविद्यालय में मुख्यातिथि व सभी महाविद्यालयों के टीम प्रभारी व प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया।

# रसायन विज्ञान प्रतियोगिता में बहल की टीम प्रथम, भिवानी की टीम रही दूसरा पर स्थान

## राजकीय महिला महाविद्यालय में हुई जिलास्तरीय प्रतिस्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय जिलास्तरीय विज्ञान की रसायन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बहल की टीम प्रथम व भिवानी की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. दिनेश गाबा ने की तथा मुख्यातिथि के तौर पर रिटायर्ड प्रिंसिपल सुदर्शन कुमार शर्मा ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने कर्तव्य का पालन करें तो समस्या का समाधान स्वंय हो जाता है।




राजकीय महिला महाविद्यालय में विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्य।

विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर कार्य करना चाहिए। रसायन विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में जीडीसी मैमोरियल कालेज बहल से मनीष शर्मा व अजय की टीम प्रथम, एमएनएस राजकीय कालेज भिवानी से अभिषेक व दीपिका की टीम द्वितीय तथा आर्दश महिला महाविद्यालय अंशु व पारूल की टीम विजेता रही। वनस्पति विज्ञान प्रतियोगिता में एमएनएस राजकीय कालेज भिवानी से निखिल व ललीत विजेता रहे की टीम प्रथम, जेवीएमजीआरआर कालेज दादरी से नेहा व पारूल की टीम द्वितीय तथा तोशाम के चौ. बंशीलाल कालेज से सरीता व ज्योति टीम तृतीय रही। प्राणी विज्ञान प्रतियोगिता में एमएनएस कालेज भिवानी से तरूण व अरविंद की टीम प्रथम, आर्दश महिला महाविद्यालय भिवानी से अनीशा व वंशीका की टीम द्वितीय, जेवीएमजीआरआर कालेज दादरी से सुमित व नीशा की टीम तृतीय रही। मनोविज्ञान प्रतियोगिता में एमएनएस राजकीय कालेज भिवानी से वर्षा व प्रिया की टीम प्रथम, तोशाम के बनवारी लाल जिंदल से सुनिल व आशा की टीम द्वितीय, राजीव गांधी राजकीय कालेज भिवानी की पिंकी व कविता की टीम तृतीय रही।

भुगोल प्रतियोगिता में तोशाम के चौ.बंशीलाल कालेज मीनाक्षी व सलोनी जैन की टीम प्रथम, राजीव गांधी राजकीय कालेज भिवानी से सविता व प्रिया की टीम द्वितीय, जेवीएमजीआरआर कालेज दादरी से रिंकी व दीपिका की टीम तृतीय रही। कम्प्युटर साइंस प्रतियोगिता में राजीव गांधी राजकीय कालेज भिवानी से अंबिका व सिमरन की टीम प्रथम, आर्दश महिला महाविद्यालय भिवानी से वैशाली व निशा की टीम द्वितीय, तोशाम के बनवारी लाल कालेज व राजकीय कालेज बवानी खेडा से अमित व अंकित की टीम तृतीय रही। भौतिक विज्ञान प्रतियोगिता में आर्दश महाविद्यालय भिवानी की टीम प्रथम, महिला राजकीय कालेज बाढड़ा की टीम द्वितीय, एमएनएस राजकीय कालेज भिवानी की टीम तृतीय रही।

दिनांक - 17/11/2019

PAPERWELL
Date :
Page no.

भास्कर न्यूज | हाढ़ड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में शनिवार को कानूनी साक्षरता क्लब का गठन किया गया। इस दौरान स्लोगन, निबंध लेखन, भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इसमें बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सोनिया प्रथम व मनीषा द्वितीय स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. सूबेसिंह की अध्यक्षता में कानूनी साक्षरता क्लब का आयोजन किया गया जिसका संचालन प्रो. अनिता ने किया। प्राचार्य ने छात्राओं को कानूनी जागरूकता संबंधी जानकारी सांझा करते हुए उनको अपने अपने गांव, वार्ड स्तर पर आमजन को जागरूक कर लोगों को हर क्षेत्र में सरकार द्वारा दिए जा रहे अधिकारों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा कानूनी जागरूकता पर स्लोगन, निबंध लेखन, भाषण, वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्लोगन स्पर्धा में स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा सोनिया प्रथम, बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा मनीषा द्वितीय, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रविता तृतीय स्थान पर रही। वाद विवाद स्पर्धा में अंजू कुमारी प्रथम, सोनिया द्वितीय, रेणू तृतीय स्थान पर रही, भाषण स्पर्धा में अंजु कुमारी प्रथम, सोनिया द्वितीय, अंकिता तृतीय स्थान पर रही। क्विज स्पर्धा में बी टीम प्रथम, टीम सी द्वितीय व टीम ए ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता छात्राओं को प्राचार्य डॉ. सूबेसिंह ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. सोनू भारद्धाज, प्रो. पूनम, डॉ. मनीषा बाला, डॉ. प्रियंका आदि स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

हिसार. रविवार 23 फरवरी, 2020 | 06

हिसार. रविवार 23 फरवरी, 2020 | 05

PAPERWELL
Date :
Page no.





बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

# 3 हजार मीटर दौड़ में सरिता रही प्रथम

## राजकीय महिला महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेल प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। 3 हजार मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सरिता प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य सुबे सिंह ने की। प्रतियोगिताओं के दौरान 16 सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सरिता प्रथम, पूजा द्वितीय, रजनी एवं अंजू तृतीय स्थान पर रही। नींबू दौड़ में सुशीला प्रथम, अंजु कुमारी द्वितीय, मोनिका व नीतू तृतीय स्थान पर रही।

रिले रेस में भतेरी की टीम प्रथम, ज्योति की टीम द्वितीय, पूजा की टीम तृतीय स्थान पर रही। छात्रा भतेरी को महाविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें हिंदी कविता, हरियाणवी कविता, एकल नृत्य, समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए।

एकल नृत्य में तनु प्रथम, उषा द्वितीय, मुस्कान व निशा तृतीय स्थान पर रही। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया।

PAPERWELL
Date :
Page no.

दैनिक भास्कर

हिसार, शनिवार 29 फरवरी, 2020 | 04

# लड़कियां वोट बनवाकर अपने मत का प्रयोग करें: हरपाल

## शिक्षण संस्थानों में वोट बनवाने के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान

भास्कर न्यूज|बाढड़ा

बाढड़ा विधानसभा क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में वोट बनवाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से 18 वर्ष की आयु वाले सभी नागरिकों को अपना वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शुक्रवार को निर्वाचन-पंजीयन अधिकारी एंव एसडीएम डॉ. वीरेंद्र सिंह के निर्देशन में महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इलेक्शन कानूनगो सतीश कुमार, इलेक्शन कार्यालय प्रभारी शमशेर सिंह, स्वीप कॉर्डिनेटर हरपाल आर्य ने छात्राओं से वोट के अधिकार को प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कानूनगो सतीश कुमार ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा 1 जनवरी 2020 को 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता सूची में पंजीकृत करने के लिए बूथ स्तर पर 29 फरवरी व 1 मार्च को बीएलओ द्वारा फॉर्म प्राप्त किए जाएंगे। इस दौरान नए वोट बनाएं जाएंगे और मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि हो उसको दूर किया जाएगा। छात्रओं से वोट बनवाने की अपील करते हुए शमशेर सिंह ने कहा कि लड़कियां वोट बनवाने के लिए शादी का इंतजार न करें, निर्धारित योग्यताओं को पूरा करते ही अपना वोट बनवाएं। इस अवसर पर हरपाल आर्य ने बताया कि निर्वाचन आयोग के सर्वे के अनुसार 59 प्रतिशत आबादी को मतदाता सूची में होना चाहिए, जबकि यह आंकड़ा 55 प्रतिशत ही है। छूटे हुए मतदाताओं में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। उन्होंने कहा कि 29 व 1 तारीख को अपने बूथ पर जाकर अपना वोट बनवाएं। आवश्यकतानुसार बाद में कॉलेज में भी विशेष शिविर लगा कर वोट बनवाये जाएंगे। मौके पर कॉलेज एक्टिविटी ईंचार्ज अनिता, कंप्यूटर टीचर धर्मेंद्र व मुकेश कुमार उपस्थित रहे।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में वोट बनवाने के लिए जागरूक करते स्वीप कोडिनेटर हरपाल आर्य व अन्य।

PAPERWELL

Date :

Page no.




बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा को लेकर रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते प्राचार्य।

दैनिक भास्कर 17·01·2020

# महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जनचेतना रैली निकाली

## छात्राओं को रोड सेफ्टी और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में 31वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। छात्राओं ने जनचेतना रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुबे सिंह ने की। सड़क सुरक्षा जनचेतना रैली को प्राचार्य डॉ. सुबे सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि 11 से 17 जनवरी तक चलने वाले इस सात दिवसीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा है। इस अभियान के तहत कालेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से छात्राओं को रोड सेफ्टी व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. मीना, डॉ. रितु, डॉ. गरिमा, मनिंद्र आदि मौजूद थे।

PAPERWELL
Date :
Page no.

हिसार, मंगलवार 11 फरवरी, 2020 | 04

## राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

बाढड़ा| राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस पर छात्राओं ने जनचेतना अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया तथा 19 वर्ष तक की छात्राओं को कृमि नाशक गोलियां वितरित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सूबेसिंह ने की तथा नोडल अधिकारी यशवंती ने की। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रशिक्षक रामचन्द्र व अजीत सिंह ने छात्राओं को कृमि नाशक कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी तथा हमें अपने आसपास के वातावरण का स्वच्छ रखना चाहिए।

PAPERWELL

Date :

Page no.



## राजकीय महिला कॉलेज में मॉप-अप दिवस पर कार्यक्रम

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीये महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस के बाद मॉप-अप दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सहायक प्रो. यश वंती ने की। प्राचार्य डा. सुबे सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि निवारण दिवस पर जो छात्राए एल्बेंडाजोन की गोली लेने से वांचित रह गई थी। उन छात्राओं को कृमि निवारण गोलियां वितरित की गई। प्राचार्य ने कहा कि एल्बेंडाजोन की गोलिया प्रत्येक छात्रा को यह गोली अवश्य लेनी चाहिए और अपने आस पास का वातावरण को भी स्वच्छ रखना चाहिए।

PAPERWELL
Date :
Page no.

दैनिक जागरण - 16/2/2019

www.jagran.com

# महिला महाविद्यालय में पूर्व छात्रा परिषद का गठन किया जाएगा

संवाद सहयोगी, बाढड़ा: कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2014-2015 में की गई थी। वर्तमान सत्र 2019-2020 तक कालेज के कला, वाणिज्यिक व विज्ञान से लगभग 762 छात्राएं स्नातक की शिक्षा ले रहे हैं। कालेज के कार्यकारी प्राचार्य डा. सूबे सिंह ने बताया कि महाविद्यालय की बेहतर ग्रेडिंग के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। सभी छात्राओं की एक पूर्व छात्रा परिषद का गठन किया जाना है। इस परिषद का गठन करने के लिए सभी पूर्व छात्राओं को फोन द्वारा सूचित किया जा रहा है। सभी विद्यार्थी 22 फरवरी को सुबह 10 बजे कालेज में आयोजित होने वाली पूर्व छात्र परिषद में भाग लें और अपने सुझाव दें।

PAPERWELL

Date :

Page no.

हिसार, 3 मार्च 2020 दैनिक जागरण 13

# महिला महाविद्यालय में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : बाढड़ा कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में राजनीतिकशास्त्र व इतिहास विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ए टीम अव्वल रही। विजेता छात्राओं को प्रबंधन समिति ने सम्मानित किया। कार्यकारी प्राचार्य डा. सूबे सिंह की अध्यक्षता में हुई प्रतियोगिता में कार्यक्रम प्रभारी के तौर पर प्रो. अनिता देवी, प्रो. सोनू भारद्वाज व प्रो. जितेन्द्र सिंह ने सफल संचालन किया। राजनीतिक शास्त्र में दस टीमों ने तथा इतिहास विषय में आठ टीमों ने भागेदारी की। राजनीतिक शास्त्र विषय की प्रतियोगिता में टीम ए ने प्रथम स्थान, जी टीम ने द्वितीय व जे टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा इतिहास विषय में टीम एफ ने प्रथम, टीम सी ने द्वितीय व टीम ए ने तृतीय स्थान पाया।

PAPERWELL

Date :

Page no.

19 - 01 - 2021

19- 01- 2021

## स्लोगनो लिख कर यातायात के प्रति किया जागरूक



प्रावार्य डा. सूबे सिंह को स्लोगन दिखाती छात्राए। ● विज्ञप्ति

बाढड़ा : राजकीय महिला महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा नियमो की पालना के लिए छात्राओं ने पोस्टर व स्लोगन अभियान चलाकर जागरूकता अभियान चलाया। कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्य डा. सूबेसिंह की अध्यक्षता में ट्रैफिक इंट्रीप्रेशन सेंटर के माध्यम से कस्बे के लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के महत्व के बारे में अवगत करवाया गया। कार्यक्रम संचालिका प्रो. मीना ने स्लोगन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें छात्राओं ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में भागीदारी की। कार्यवाहक प्राचार्य डा. सूबेसिंह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन अनमोल होता है। हमें दैनिक आवागमन में पूरी तरह सजगता बरतनी चाहिए। कई बार हम वाहन या पैदल जाते समय दाएं बाएं नही देखते तो किसी बड़ी दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। सड़क पार करते समय मोबाइल का प्रयोग करना बहुत घातक सिद्ध हो रहा है। छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से सुरक्षित चालन सुरक्षित जीवन व पोस्टरो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा कार्यक्रम मे डा. अत्तर सिह यादव, डा. उमेद जागिड़, डा. मनीषा, डा. गरिमा कुमारी, डा. रीतू कुमारी इत्यादि मौजूद रहे। (संस)

लोक कलाकार विवेक अहलावत को किया सम्मानित

PAPERWELL

Date :

Page no.

समेत अन्य प्रमुख थे।

## सोशल साइंस क्लब के तहत हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता


बादड़ा | राजकीय महिला कॉलेज में सोशल साइंस क्लब के तहत वाद-विवाद स्पर्धा आयोजित हुई। अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डा. सूबे सिंह की अध्यक्षता में की। मुख्य संयोजिका प्रो. अनिता रही। यहां बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सुनीता प्रथम, दूसरे स्थान पर बीए तृतीय वर्ष की मोनिका, तृतीय स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की प्रियंका व दीपिका ने प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

दैनिक भास्कर

05-02-2021

Date :
Page no.

दैनिक भास्कर 05-02-2021



बाढड़ा। छात्राओं को योग के बारे में जानकारी देते योग प्रशिक्षक।

# राजकीय महिला कॉलेज में योग शिविर का समापन

भास्कर न्यूज | बाढड़ा


राजकीय महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय योग शिविर का समापन किया गया जिसकी अध्यक्षता कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सूबे सिंह ने की । इस दौरान महिला विभाग की प्रो. शम्मी लाज की देख रेख में योग प्रशिक्षक ने योग के बारे में जानकारी दी। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सूबे सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के जीवन में अनेक भौतिक साधनों के होते हुए लोग अपने शरीर के बारे में कोई ध्यान नहीं दे रहे है जिससे आज के मानव जीवन में लोग अनेक बीमारियों से ग्रस्त होते जा रहे है। उन्होंने छात्राओं को अनेक योग विधियां प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार आदि का अभ्यास करवाया। उन्होंने छात्राओं को योग क्रियाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि योग हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमें अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक ने कहा कि आज के समय नियमित योग करके अपने जीवन में अनेक बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं।

परमात्मा को पाने के लिए ति

दैनिक भास्कर - 07 - 02 - 2021

उषा, मोनू, मंजू, ज्योति आदि उपस्थित थे।

रहता है। जिसका पीड़ित-युवती विषय को समाधान करवाना चाहिए।



राजकीय महिला महाविद्यालय में आत्मरक्षा के गुर सिखती छात्राएं।

# महिला कॉलेज में छात्राओं से सीखे आत्म रक्षा के गुर

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में आत्म प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। इस दौरान छात्राओं को आत्म रक्षा का आह्वान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सूबेसिंह ने की। प्रशिक्षण शिविर में डॉ. सत्येन्द्र आर्य द्वारा आत्मरक्षा के गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए मौजूदा समय में आत्मरक्षा बहुत ही जरूरी है। हमें अपने आप को सुरक्षित करने के लिए आत्मरक्षा के गुर आना बहुत जरूरी हैं। कार्यक्रम इंचार्ज प्रो. शर्मीलाज ने कहा कि महाविद्यालय की विभिन्न छात्राओं ने आत्मरक्षा के महत्व को समझा व आत्मरक्षा से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्राप्त की है तथा भविष्य में किसी विषम परिस्थिति में काम आ सके।

Date :
Page no.

दैनिक भास्कर - 10/2/2020.

प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ स्टाफ सदस्य।

# टीम अमेरिका प्रथम, द्वितीय स्थान टीम भारत को हासिल

## राजकीय कॉलेज में प्रश्नोतरी स्पर्धा आयोजित

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में सोशल साइंस क्लब द्वारा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सुबे सिंह ने की। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक प्रो. अनिता रही। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सुबे सिंह ने छात्राओं को कहा कि छात्राओं के ज्ञानवर्धक के लिए कालेज में समय समय पर ऐसी प्रतियोगिता करवाई जाती रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता से छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि होती है और प्रतियोगिपरिक्षाओं में छात्राओं को इससे काफी लाभ होता है। इस दौरान प्रतियोगिता में 6 टीमों ने भाग लिया। इस दौरान टीम अमेरिका प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर टीम भारत व तीसरे स्थान पर टीम फरीदाबाद रही। यहां डॉ. मुकेश, डॉ. कमलेश, डॉ. पूनम, प्रो. संजय, प्रो. तस्वीर, प्रो. जितेंद्र, प्रो. मीना कुमारी, प्रो. शम्मीलाज आदि मौजूद थे।

प्रशिक्षण • सोनी धर्मशाला में जल जीवन मिशन को

PAPERWELL
Date :
Page no.

18 Feb - 2021
Athletic meet

चरखी दादरी

## 400 मी. रेस में छात्रा विशाखा बनी विजेता

बादड़ा | राजकीय महिला महाविद्याल में 5वीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगित का आयोजन किया गया। जिसक अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य सुबे सिं ने की। खेलकूद प्रतियोगिता प्रभार प्रो. जितेन्द्र के नेतृत्व में की गई। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि की भूमिका प्राचार्य दिनेश गाबा के द्वारा निभाई गई।

इस खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 2000 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 200 मीटर रिले रेस, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट थ्रो, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्रीति ने, द्वितीय स्थान प्रियंका ने व तृतीय स्थान रिंकू ने प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ मे प्रथम स्थान छात्रा प्रीति ने, द्वितीय स्थान छात्रा पूजा ने व तृतीय स्थान पुजा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने हासिल किया। 400 मीटर दौड़ मे प्रथम स्थान छात्रा विशाखा ने, द्वितीय स्थान छात्रा पूजा ने तथा तृतीय स्थान छात्रा रेशमा ने प्राप्त किया।

PAPERWELL
Date :
Page no.

दैनिक भास्कर · 11/2/2021

# निबंध लेखन में ज्योति ने बाजी मारी

## आदर्श कॉलेज में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ पर प्रतियोगिता का आयोजन

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा भिवानी के आदर्श महाविद्यालय में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित निबंध लेखन में महाविद्यालय की छात्रा ज्योति ने अंग्रेजी स्पर्धा व मोनिका ने हिंदी विषय में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। आदर्श महिला महाविद्यालय में दर्जन भर कालेजों की सैकड़ों छात्राओं ने भागीदारी की थी जिसमें बाढड़ा की छात्राओं के प्रदर्शन पर बुधवार को कॉलेज में उनको सम्मानित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सूबेसिंह ने बताया कि भिवानी के आदर्श महाविद्यालय में हिंदी विभाग के अंतर्गत अंतर कालेज स्पर्धा का आयोजन करते हुए कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा निबंध लेखन स्पर्धा आयोजित की गई। इस स्पर्धा में बाढड़ा कन्या कालेज की तरफ से भागीदारी करने वाली बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ज्योति ने अंतर कॉलेज अंग्रेजी निबंध लेखन कंपीटिशन में तृतीय स्थान व बीए तृतीय कक्षा की छात्रा मोनिका ने द्वितीय स्थान हासिल किया है।



राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को सम्मानित करते कार्यवाहक प्राचार्य डा. सूबेसिंह।

Date :
Page no.

दिनांक - 16/2/2021

का बकाया बिजली का बिल जमा करवा देगी।

राकेश, महेश, ओमबीर, सतबीर आदि उपस्थित थे।

# राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने बनाए पोस्टर



राजकीय महिला महाविद्यालय में बनाए गए पोस्टर दिखातीं छात्राएं।

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में धूम्रपान विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने भाग लिया तथा आकर्षक पोस्टर बनाए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुबेसिंह ने की। संचालक डॉ. गुणपाल सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि धूम्रपान हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। धूम्रपाल, मोटापा, मादक द्रव्य के सेवन से संक्रामक रोगों और यातायात दुर्घटनाओं के मुकाबले लोगों को अधिक मारता है। सिगरेट या बीड़ी के धुंए में निकोटिन, तार, कार्बन मोनोआक्साईड नामक रसायन सबसे अधिक होता है जो सबसे शरीर के लिए सबसे ज्यादा हानिकारक है। इसलिए हमें धम्रपान नहीं करना चाहिए।

PAPERWELL

Date :

Page no.

दिनांक - 4/3/2021

# प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में एफ टीम रही प्रथम



बाढड़ा। प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ स्टाफ सदस्य।

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में बुधवार को भूगोल विषय की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डा. सूबे सिंह ने की। प्रतियोगिता संचालिका प्रोफेसर रिंकू ने किया। प्रतियोगिता में विभिन्न छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें मुख्य सात टीमों में मुकेश का चयन किया गया। विभिन्न प्रश्न छात्रों से पूछे गए जिनका जवाब छात्राओं ने दिया। इस दौरान विषय से संबंधित ही जानकारियां छात्राओं को मिली विजेता टीम में प्रथम स्थान टीम एफ, द्वितीय स्थान पर टीम ई एवं तृतीय स्थान टीम ए ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डा. सुनील, डा. अतर सिंह यादव, डा. अनील, डा. सोनू, डा.पुनम, प्रोफेसर संजय, प्रोफेसर तसवीर, प्रोफेसर अनीता, प्रोफेसर प्रियंका, प्रोफेसर उषा रानी आदि मौजूद थी।

दिनांक - 6/3/2021


महिला कॉलेज में अंतिम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए कॅरियर काउंसलिंग सेमिनार आयोजित

# सफलता के लिए स्टीक रणनीति आवश्यक : राठी

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थी को खुद को मानसिक रूप से तैयार करना चाहिए और समझना चाहिए कि महंगी कोचिंग के बिना भी परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

यह बात एसडीएम शंभू राठी ने राजकीय महिला महाविद्यालय में कॅरियर काउंसलिंग प्रोग्राम में बोलते हुए कही। महिला महाविद्यालय में हरियाणा में विभिन्न प्रशासनिक पदों के लिए निकले आवेदनों के मद्देनजर अंतिम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए कॅरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। एसडीएम शंभु राठी ने कहा कि ज्यादातर छात्रों के मन में यह रहता है कि बिना कोचिंग के परीक्षा में सफलता प्राप्त नहीं हो सकती लेकिन वास्तविकता यह नहीं है, बिना कोचिंग के भी वांछित सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए कड़ी मेहनत, निश्चित लक्ष्य के साथ-साथ आत्मविश्वास और स्टीक रणनीति आवश्यक है। हरियाणा प्रशासनिक सेवा के लिए पाठ्यक्रम और रणनीति पर विस्तृत रूप से छात्राओं के सामने बात रखी। उन्होंने प्री और मुख्य परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए और बताया की किस विषय को चुनना चाहिए। मेन परीक्षा में सफलता के लिए उन्होंने लिखाई सुधारने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा सर्वप्रथम आवेदन करने का मन बनाएं और अपनी तैयारी शुरू करने से पहले परीक्षा के पैटर्न और विभिन्न चरणों को अच्छे से जानना और समझना होगा। तब ही वे अपनी तैयारी सही तरीके से कर पाएंगे। उन्होंने एसडीएम कार्यालय से भी संबंधित शिक्षण सामग्री कॉलेज लाइब्रेरी में उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्राचार्य सूबे सिंह ने एसडीएम का धन्यवाद किया और छात्राओं को इन प्रशासनिक पदों के आवेदन के लिए कॉलेज द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में पंजीयन कार्यालय बाढड़ा की तरफ से नव मतदाताओं को अपना इपिक ऑनलाइन डाउनलोड करने की प्रक्रिया से भी अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर अनिता ने किया। इस अवसर उमेद जांगिड़, सोनू भारद्वाज, शमशेर, सुभाष, योगिता गोदारा, शम्मी लाज, रितु, मनीषा, कमलेश, मुकेश आदि मौजूद थे।



राजकीय महिला कालेज में छात्राओं को संबोधित करते एसडीएम शंभू राठी।

PAPERWELL
Date :
Page no.

दिनांक 7/3/2021

हिसार, रविवार 07 मार्च, 2021 | 02

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निकिता प्रथम



बाढड़ा | राजकीय महिला महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने भाग लिया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा निकिता प्रथम स्थान पर रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य सुबे सिंह ने की तथा प्रतियोगिता का संचालन प्रोफेसर शमशीलाल ने किया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इस दौरान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा निकिता ने प्रथम स्थान व प्रथम वर्ष की छात्रा प्रवीण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और तीसरे स्थान पर बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा सुमन ने हासिल किया।



राजकीय कॉलेज में प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं के स्टाफ सदस्य।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मनीषा प्रथम, पूजा रही द्वितीय

## राजकीय महिला कॉलेज में स्पर्धा आयोजित

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में स्लोगन, निबंध, पोस्टर, प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सूबे सिंह ने की।

प्रतियोगिता की देखरेख ट्रैफिक इंटर पिटेशन प्रो. मीना ने किया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की सभी छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन छात्राओं में ट्रैफिक नियमों की जानकारी के लिए किया गया। प्रो. मीना ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियमों के बारे मे जानकारी दी। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के तहत वाणिज्यक विभाग की द्वितीय वर्ष की छात्रा मनीषा ने प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रेनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा सुमन ने प्रथन स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य विभाग की छात्रा सीमा ने द्वितीय स्थान व बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में छात्रा अनिशा ने प्रथम स्थान, मोनिका ने द्वितीय तथा निकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में टीम बी की छात्रा मोनिका, पूजा, कविता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा टीम ए द्वितीय स्थान पर और टीम एफ तृतीय स्थान पर रही।

Meena
day at 10:31 AM

दैनिक भास्कर चरखी दादरी भास्कर 22-03-2021

दूर होगा।

त में नरमी रहेंगे।

चारी यात्रा र्च करेंगे।

सकता है। के बनेंगे।

ाकस्मिक संभव है।

में उतार- र मिलेंगे।

भर को नई धुर होंगे।

ाथियों की सुलझेंगे।

रामोतार, संजय कुमार, एडवोकेट विकास श्योराण, संदीप, नवीन, सतपाल, प्रकाश, सूबे सिंह, जगबीर, मामचंद, हरेंद्र आदि मौजूद थे।

बच्चों को पश्चिमी सभ्यता से दूर रखते हुए महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कन्या

करने में गुरुकुल ओमस्का

# यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

बाढड़ा| राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. दिनेश गाबा की अध्यक्षता में यातायात व्याख्या केंद्र तथा सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल ऑफिसर प्रो. मीना व प्रो. जितेंद्र सिंह के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा प्रायोजित सेमिनार में विभिन्न महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा शोधपत्र प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अनिल इडी डीएसपी व डॉ. सतीश आर्य तथा डा. सुरेश चन्द्र भाकर, प्राचार्य गवर्नमेंट कॉलेज आफ एजुकेशन भिवानी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। प्राचार्य डॉ. दिनेश गाबा ने दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को कम करने के लिए सड़क यातायात के नियमों के महत्व के बारे में बताया। महाविद्यालय में सेमिनार के दूसरे सत्र में छात्राओं ने सड़क सुरक्षा पर कविता तथा गीत प्रस्तुत किए तथा अनेक विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए। एसएचओ दलबीर सिंह ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर अपने विचार साझा किए।



दादरी। नंदी

'गो मा

चरखी दाद रविवार को सच्चानाथ समिति के अतिथि के को। विशि वाले, कृष्ण आए हुए

मैनेजमेंट फंडा

Date :
Page no.

दिनांक - 12/4/2021

## कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण के प्रति जागरूक किया



कोरोना टीकाकरण अभियान की जानकारी देती एनएसएस छात्रा। ● विज्ञप्ति

बाढड़ा: बाढड़ा कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डा. सूबे सिंह, प्रो. जितेंद्र सिंह व यशवंती देवी के मार्गदर्शन में एनएसएस छात्राओं ने ग्रामीण क्षेत्र में अभियान चलाकर महिलाओं को कोरोना से बचाव के लिए समय पर टीकाकरण करने, मुह पर मास्क लगाने व सेनिटाइजर का प्रयोग करने का संदेश दिया। महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर अपने अभिभावकों को जागरूक करने की मुहिम में शामिल स्वयंसेविका मोनिका, संजू, आरती, रेखा, कल्पना इत्यादि ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति किसी तरह की असमंजस में पड़ने की बजाए अपनी आयु श्रेणी की बारी आने के बाद कोविड टीकाकरण अवश्य करवाए। इसके अलावा हमें दो गज की शारीरिक दूरी व मुंह पर मास्क लगाने सहित सभी जरूरी हिदायतों की पालना करनी चाहिए। छात्राओं ने नाटकों के माध्यम से कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक किया। (संस)

दैनिक भास्कर चरखी दादरी भास्कर 14-04-2021

रहे।

...सिंह, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने लोगों को किया अवेयर



बाढड़ा। बस स्टेंड पर कोरोना वेक्सीन लगवाने को लेकर लोगों को जागरूकता रैली निकालती कालेज की छात्राएं।

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस की स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय प्राचार्य डा. सुबे सिंह की अध्यक्षता मे कस्बे में सार्वजनिक स्थानों पर लोगों के कोरोना टीकाकरण के लिए जाग्रत किया और जागरूकता रैली निकाली।

इस दौरान कार्यक्रम की देख रेख प्रो.यशवंती व प्रो. जितेंद्र कुमार के मार्ग दर्शन में महिला महाविद्यालय की एनएसएस की छात्राओं ने महाविद्यालय से कस्बे में मुख्यक्रांतिकारी चौक, बस स्टेंड, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक कोरोना को लेकर जागरूकता रैली निकाली और केंद्र सरकार द्वारा लोगों को लगाई जा रही कोरोना वैक्सीन को लेकर लोगों को जागरूक किया और ज्यादा से ज्यादा लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाने का आह्वान किया। इस मौके पर सभी छात्राओं ने हाथों में कोरोना के स्लोगन पटटी लिए हुई थी। इस अवसर पर गरिमा, प्रो. मीना, तस्वीर, मोनिका, पुजा, संजु, आरती, बवीता आदि मौजूद थे।

दिनांक - 31 May 2021

# महिला महाविद्यालय में कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए योगा ट्रेनिंग सेशन का आयोजन

बाढड़ा| राजकीय महिला महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. सुरे सिंह की अध्यक्षता में एनएसएस यूनिट द्वारा कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए योगा ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जितेंद्र व प्रोफेसर यशवंती की देख-रेख में गूगल मीट प्लेटफार्म पर किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर मीना कुमारी ने कोरोना संक्रमण से बचने के लिए एनएसएस की सभी स्वयं सेविकाओं को स्वस्थ रहने के लिए बार-बार हाथ धोने, एक दूसरे से दूरी बनाए रखने, मुंह पर मास्क लगाने और स्वयं की बारी आने पर वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। आचार्य चांद सिंह ने योगा प्रशिक्षण देकर स्वयं सेविकाओं को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया। योगा प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका निकिता, बेबी, पूजा, सविता, ऊषा, प्रिया, शीतल, कुसुम आदि मौजूद थी।

PAPERWELL
Date :
Page no.

दिनांक - 3/8/2021

# जागरूक किया

बाढड़ा| राजकीय महिला कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा सात दिवसीय शिविर का आयोजन आर्य समाज मंदिर व जांगिड़ धर्मशाला में किया गया। एनएसएस शिविर का शुभारंभ कालेज प्राचार्य डॉ. सूबे सिंह ने किया।

इस दौरान छात्राओं को आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूक किया।

PAPERWELL
Date :
Page no.

दैनिक भास्कर 07-08-2021

# स्लोगन प्रतियोगिता में प्रीति, ऊषा रही प्रथम

## राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं ने प्रतियोगिता में बनाए सुंदर पोस्टर

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट की स्वयं सेविकाओं ने जांगिड़ धर्मशाला में सफाई अभियान चलाया तथा महाविद्यालय में मेहंदी, स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में आचार्य चांद सिंह ने स्वयं सेवकों को लाभ व स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी तथा स्वयं सेवकों को योगाभ्यास करवाया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को स्वच्छ व स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया।

स्वयं सेविकाओं को अपने मन से सभी बुराइयों को मिटाने तथा अच्छे संस्कारों को ग्रहण करने की प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने स्वयं भोजन तैयार किया। महाविद्यालय में स्लोगन प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता तथा स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सभी स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रीति, ऊषा ने प्रथम स्थान, मनीषा, प्रियंका, रेनू ने द्वितीय स्थान तथा श्वेता, नीनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी कंप्टीशन में रेनू, रितु ने प्रथम, प्रियंका, अनंजा और अंशु ने द्वितीय तथा किरण, मोनिका और पूनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अंकिता, मनीषा ने प्रथम तथा आरती, अंकिता, कविता ने द्वितीय स्थान, प्रियंका, अंजू बाला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यहां एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो. जितेंद्र, प्रो. यशस्वी, मीना कुमारी, रितु व प्रो. मीनू आदि मौजूद थे।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं द्वारा स्लोगन प्रतियोगिता में बनाए गए पोस्टर।

PAPERWELL
Date :
Page no.

दैनिक भास्कर 8/8/2021

# चरखी दादरी

## स्वयंसेविकाओं ने रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

# नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस शिविर में स्वयंसेविकाओं ने कस्बे में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति तथा स्वच्छता से संबंधित विषयों पर रैली निकाली कर लोगों को जागरूक किया।

सभी स्वयंसेविकाओं ने बड़े ही विनम्र स्वभाव में क्षेत्र के लोगों को समझाया। स्वयं सेविकाओं को आचार्य पंचगांव गुरुकुल से आचार्या दया ने स्वयंसेविकाओं को महिला सशक्तिकरण के विषय में बताया। सभी स्वयं सेविकाओं ने बड़े ही ध्यान से आचार्या दया की बातों को सुना तथा उन्हें अपने जीवन में प्रयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को हर प्रकार से आंतरिक एवं बाह्य रूप से मजबूत रहने के लिए प्रेरित किया। आचार्य ने स्वयं सेविकाओं को जीवन में सफल होने के लिए लगातार प्रयासरत रहने के प्रति जागरूक किया। यहां एनएसएस यूनिट प्रभारी प्रोफेसर यशवंती, प्रोफेसर जितेंद्र, मीना, रितु आदि मौजूद थी।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राएं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के बारे में जागरूकता रैली निकालते हुए।


PAPERWELL

Date :

Page no.

8/8/2021

# स्वयंसेविकाओं ने रैली निकाल किया जागरूक



कस्बे में जन जागरूकता रैली निकालती छात्राएं। • जागरण।

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की एनएसएस यूनिट के सात दिवसीय शिविर के दिन की शुरुआत जांगिड़ धर्मशाला में श्रमदान के साथ हुई।

सभी स्वयं सेविकाओं ने जांगिड़ धर्मशाला बाढड़ा व इसके आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई की। इसके बाद सभी स्वयं सेविकाओं ने बाढड़ा क्षेत्र में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति तथा स्वच्छता से संबंधित विषयों पर रैली निकाली और लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करने का प्रयास किया। स्वयंसेविकाओं ने क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया कि जीवन में स्वच्छता का बड़ा महत्व है। स्वयं सेविकाओं ने स्वयं भोजन भी तैयार किया।


कन्या कालेज परिसर में शिविर के शुभारंभ पर कन्या गुरुकुल आचार्य दया ने स्वयं सेविकाओं को महिला सशक्तिकरण के विषय में बताया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को जीवन में सफल होने के टिप्स भी दिए। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट व कार्यक्रम प्रभारी प्रो. यशवंती, प्रो. जितेंद्र कुमार, मीना, रितू सहित स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

PAPERWELL
Date :
Page no.

09/8/2021

# एनएसएस शिविर में बेस्ट वॉलिंटियर मोनिका बीए फाइनल ईयर को चुना गया

**शिव योगी, पब्लिक एशिया**



**बाढड़ा।** कस्बे के जांगड़ा धर्मशाला में राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा द्वारा चलाया जा रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का रविवार को समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डा. जितेंद्र भारद्वाज रजिस्ट्रार चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी भिवानी रहे। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को एनएसएस के उद्देश्य बताएं वह समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया सभी स्वयं सेविकाओं ने पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी निभाई इसी अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली स्वयं सेविकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोनिका बीए फाइनल ईयर की स्वयं सेविका ने सात दिवसीय रिपोर्ट पढ़ी। इस दौरान मु2य अतिथि ने 2020 एवं 2021 के बेस्ट वॉलिंटियर मोनिका बीए फाइनल ईयर को स6मानित किया। इस अवसर पर एनएसएस यूनिट प्रभारी ऑफिसर यशवंती व प्रोफेसर जितेंद्र ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया।

Date :
Page no.

दिनांक - 31/8/2021

दैनिक - जागरण

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत दौड़ में लिया हिस्सा

संवाद सहयोगी, बाढड़ा: कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट एक और दो के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव इंडिया 75 कार्यक्रम के तहत आजादी की दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें कालेज छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। कालेज परिसर में अमृत महोत्सव इंडिया 75 कार्यक्रम का आयोजन कार्यकारी प्राचार्य सुबेसिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। महाविद्यालय की एनएसएस द्वारा कालेज के खेल परिसर से गांव भांडवा तक आजादी की दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी यशवंती व जितेंद्र कुमार ने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता का संदेश दिया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को देश के प्रेम, उत्साह, देखभाल और विकास कार्य लिए प्रेरित किया।

इस दौरान बताया गया है इंसान के लिए देश सबसे पहले होना चाहिए। देशभक्ति से बड़ी कोई चीज नहीं होती है। इस अवसर पर कालेज के अन्य प्राध्यापक प्रो. संध्या, प्रो. मीना, प्रो. सोनू भारद्वाज, प्रो. प्रदीप जांगड़ा, प्रो. रितु, प्रो . मुकेश, प्रो तस्वीर और प्रो. सोनू भारद्वाज इत्यादि मौजूद रहे।



कालेज परिसर में अमृत महोत्सव के तहत दौड़ में भागीदारी करती छात्राएं। • विज्ञप्ति।

दैनिक भास्कर - 2/9/2021


# निबंध स्पर्धा में प्रिया प्रथम, निशु द्वितीय

## आजादी का अमृत महोत्सव- इंडिया 75 कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन

[illegible]

राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में स्वयं सेविका प्रिया ने प्रथम स्थान निशु ने द्वितीय तथा उषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या [illegible] की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव-इंडिया 75 कार्यक्रम के तहत [illegible] प्रभारी [illegible] के नेतृत्व में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध के विषय आधुनिक भारत, राष्ट्रीय एकता एवं [illegible] भारत के लिए संघर्ष आदि रहे। इस प्रतियोगिता के दौरान स्वयं सेविकाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में स्वयं सेविका प्रिया ने प्रथम स्थान, निशु ने द्वितीय तथा उषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा देशभक्ति गीत प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान स्वयं सेविकाओं ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भी सभी ने भाग लिया। देशभक्ति गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेनु, द्वितीय स्थान मनीषा एवं तृतीय स्थान अंजु व उषा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. [illegible], प्रो. [illegible], डॉ. [illegible] कुमारी, प्रो. [illegible], प्रो. [illegible], प्रो. [illegible], प्रो. [illegible], प्रो. [illegible], प्रो. [illegible] आदि उपस्थित रहे।



राजकीय महिला महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता में भाग लेती स्वयंसेविका।

Date :
Page no.

अमर उजाला - 5/9/2021

# इको क्लब ने कॉलेज में किया पौधरोपण

## विद्यार्थियों और शिक्षकों ने लिया पौधे की देखभाल का संकल्प

संवाद न्यूज एजेंसी

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में इको क्लब इकाई ने पर्यावरण संरक्षण के तहत गतिविधियां करवाईं। इस दौरान महाविद्यालय में पौधरोपण भी किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने इनकी नियमित देखभाल करने का भी संकल्प लिया। आयोजन की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रभारी सूबे सिंह ने की।

इको क्लब इंचार्ज रिंकू ने बताया कि इको क्लब द्वारा विद्यार्थियों व आमजन में पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई जा रही है। इसके तहत नियमित अंतराल पर गतिविधियां करवाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में प्रश्नोत्तरी, लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिता समेत पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली जा चुकी हैं। इस मौके पर अनिल कुमार, मुकेश, मीना कुमारी, संध्या, प्रदीप कुमार, प्रोफेसर यशवंती, प्रोफेसर कमलेश, प्रोफेसर उषा रानी, प्रोफेसर अनीता, प्रोफेसर प्रियंका व तस्वीर आदि मौजूद रहे।



बाढ़डा महाविद्यालय में पौधरोपण करते हुए। विज्ञप्ति

## स्कूल में चलाया पर्यावरण संरक्षण अभियान

बाढड़ा। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेरा गमला, मेरा स्कूल अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस दौरान अध्यापक अभिभावक को गमले व पौधे भेंट किए गए। मुख्य अतिथि एसडीएम शंभू राठी व जिला शिक्षा अधिकारी जयप्रकाश संभवाल रहे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी जलधीर सिंह भी मौजूद थे। प्राचार्य धर्मवीर सिंह फौगाट ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। एसडीएम शंभू राठी व डीईओ जयप्रकाश ने स्टाफ व विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर संजय, धर्मेंद्र, चंद्रप्रकाश, मुख्यतयार, विकास, सुमन, सोनिया, अनिल, महेंद्र, सुनील, संदीप आदि मौजूद रहे। संवाद

दादरी भास्कर 05-09-2




महिला कॉलेज में आधुनिक भारत एवं राष्ट्रीयता पर सेमिनार आयोजित

# स्वयं सेविकाओं को देशभक्तों की जीवनी से परिचित कराया

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई एक व दो द्वारा इंडिया 75 आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय आधुनिक भारत एवं राष्ट्रीयता रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता, एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो. यशवन्ती व प्रो. जितेन्द्र के नेतृत्व में हुआ।

प्रो. यशवन्ती ने स्वयं सेविकाओं को महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह आदि देशभक्तों की जीवनी से परिचित कराया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय एकता और एक सच्चे देशभक्त होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश इस बार स्वतंत्रता दिवस पर



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित सेमिनार में अपने विचार रखते वक्ता।

आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और यह समारोह वर्ष 2023 तक चलेगा। प्रो. प्रदीप कुमार ने भी स्वयं सेविकाओं को बताया कि राजगुरु, सुखदेव व भगत सिंह को सच्चे क्रांतिकारियों के रूप में जाना जाता है जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर पर स्वयं सेविका राधा, मनीषा, मोनिका, कल्पना, संजू आदि ने भारत की आजादी व राष्ट्रीयता से संबंधित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए और देश के विकास के लिए हर वक्त प्रयासरत रहने के लिए संकल्प लिया। यहां डॉ. अनिल, डॉ. मोन कुमारी, प्रो. रिंकू, प्रो. मीना, प्रो मुकेश, प्रो. रितु, प्रो. मनीषा, प्रो कमलेश, प्रो.प्रियंका, प्रो. आनंद प्रो. तस्वीर आदि उपस्थित थे।


PAPERWELL
Date :
Page no.

दैनिक भास्कर - 7/09/2024

नरेंद्र, अनिल व समस्त स्टाफ मौजूद था।

अध्यक्ष कादमा मंडल, जितेंद्र अध्यक्ष चरखी मंडल बनाया है।

# स्लोगन लेखन में स्वयं सेविका प्रीति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



कॉलेज में प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं के साथ स्टाफ सदस्य।

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की एनएसएस यूनिट एक व दो द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह का कार्यक्रम किया। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह ने की। एनएसएस अधिकारी यशवंती व जितेन्द्र की देख-रेख में पौधारोपण व पोषण वाटिका का आयोजन किया। इसके साथ ही साथ गर्भवती महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार से संबंधित स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में स्वयं सेविका प्रीति ने प्रथम स्थान, रेखा व प्रिया ने द्वितीय स्थान, शीतल व निकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यहां स्वयं सेविकाओं द्वारा समाज में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने के लिए जागरूक किया गया और स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी और सार्वजनिक स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने व उनकी देख-रेख करने का संकल्प लिया। यहां डॉ. अनिल, डॉ. [illegible] कुमारी, प्रो. मीना, प्रो. मुकेश, [illegible] रितु, प्रो. मनीषा, प्रो. कमलेश, [illegible] प्रियंका आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर - 16/9/2021

राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने की योग क्रिया

# योग एक कला, जो शरीर-आत्मा व मन को एक साथ जोड़ता है: प्रो. यशवंती

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट्स द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान गर्भवती महिलाओं, बच्चों और किशोर लड़कियों के लिए कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय प्रांगण में योग-सेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह ने की। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशवंती व प्रो. जितेन्द्र के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रो. यशवंती ने स्वयंसेविकाओं को जीवन में विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचने के लिए योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि योग एक कला है जो शरीर, आत्मा और मन को एक साथ जोड़ता है। योग से शरीर को ऊर्जा मिलती है, मन शांत रहता है और विभिन्न रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को सूक्ष्म व्यायाम की जानकारी दी तथा प्रो. कमल ने भी स्वयंसेविकाओं को प्राणायाम, वज्रासन, पश्चिमोत्तानासन और ताड़ासन आदि करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्वयंसेविका मोनिका ने गर्भवती महिलाओं के खान पान व साफ सफाई के बारे मे बताया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को हरी पत्तेदार सब्जियां व अंकुरित अनाज का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। योग-सेशन के दौरान प्रो. गुणपाल, प्रो. अनिल, प्रो. रिंकु, प्रो. मीना, प्रो. अनिता, प्रो. मनीषा, प्रो. कमलेश, प्रो. गरिमा, प्रो. पूनम, प्रो. प्रियंका आदि उपस्थित थे।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में योग क्रिया करती स्वयंसेविका।

दिनांक - 25/9/2021

# भाषण में राधा ने प्रथम तो शीतल रानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया

## गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

भास्कर न्यूज़। बाढड़ा

कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस इकाई एक व दो द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर यशवंती तथा प्रोफेसर जितेंद्र के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेविकाओं दवारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्वयं सेविका राधा ने प्रथम तथा शीतल रानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पांच टीमें चुनी गई। हर टीम में तीन- तीन स्वयं सेविकाओं ने अपनी भागीदारी



आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ स्टाफ सदस्य।

दी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के दौरान पोषण तथा स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्न पूछे गए। टीम ई ने प्रथम स्थान, टीम सी ने द्वितीय स्थान तथा टीम ए ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाद विजेता स्वयं सेविकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा जीवन में पौष्टिक भोजन ग्रहण करने, स्वस्थ रहने तथा अपने आस-पास के वातावरण को साफ सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रोफेसर कमल, प्रोफेसर रिंकू, प्रोफेसर संध्या, प्रोफेसर सोनू, प्रोफेसर उषा, प्रोफेसर पूनम तथा स्वयं सेविका कल्पना, प्रियंका, मोनिका, अनीशा, निकिता, सुमन आदि मौजूद थे।

# प्रश्नोत्तरी में डेल्टा टीम प्रथम, थीटा टीम द्वितीय

भास्कर न्यूज़ | बाढ़ड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में साइंस सोसायटी के अन्तर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में किया गया । साइंस सोसायटी के इंचार्ज डॉ. मीना कुमारी ने छात्राओं को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के दौरान पांच टीमें बनाई गई । प्रत्येक टीम मे तीन प्रतिभागी सदस्य शामिल किए गए। प्रतियोगिता मे भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा गणित विषय से चार चरणों मे प्रश्न पूछे गए ।

प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक विषय के दो चरण करवाए गए तथा दो चरण दृश्य के करवाए गए व अंत में एक चरण रैपिड फायर का करवाया गया। प्रतियोगिता के दौरान टीम डेल्टा ने प्रथम स्थान ऊषा, प्रिया, रिधि व द्वितीय स्थान टीम थीटा अनिशा, सोनिका कुमारी, ललिता कुमारी ने प्राप्त किया। टीम एपसाइलन अंजू, [illegible], [illegible] ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस दौरान विज्ञान विभाग के सहायक डॉ. मीना कुमारी, प्रो. कमल, प्रो [illegible], प्रो. कमलेश, प्रो. मनीषा, प्रो मोना, प्रो. रीतु, प्रो. गरिमा, प्रो आनंद, प्रो. प्रियंका, प्रो तस्वीर आदि समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की दिलाई शपथ

बाढ़ड़ा| राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट्स की स्वयं सेविकाओं को स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्लास्टिक व प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग न करने की शपथ दिलवाई गई। स्वयं सेविकाओं ने पर्यावरण की रक्षा करने, आने वाली पीढ़ी को शुद्ध व सुरक्षित वातावरण देने और प्लास्टिक उपयोग की बुराइयों को लेकर अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया।

शपथ के दौरान महाविद्यालय की 40 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. दिनेश गाबा की अध्यक्षता में एनएसएस यूनिट्स के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर यशवंती तथा प्रोफेसर जितेन्द्र के नेतृत्व में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


दैनिक भास्कर
दिनांक -24/10/2021

दैनिक भास्कर - बाढड़ा।

26/10/2021

# एनएसएस छात्राओं ने चलाया सफाई अभि 2

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में एनएसएस छात्राओं ने आजादी के महोत्सव के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। लोहारू रोड पर बालाजी मंदिर में महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर सुबे सिंह की अध्यक्षता में परिसर की सफाई की गई। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जितेंद्र कुमार आर्य व प्रोफेसर यशवंती ने अपने विचार रखे। यशवंती ने कहा कि हमें अपने आसपास के क्षेत्र की सफाई करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रोफेसर सोनू भारद्वाज, मीना, तस्वीर, अनिता व आनंद आदि मौजूद थे। संवाद



भास्कर 10-11-2021

# चरखी दादरी

# राजकीय महिला कॉलेज में विज्ञान विषय पर मुकाबले, रसायन विज्ञान स्पर्धा में निशा प्रथम

## रसायन शास्त्र, भौतिकी विज्ञान और भूगोल विषय की छात्राओं ने मॉडल प्रस्तुत किए

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कर छात्राओं को विज्ञान शिक्षा से जुड़ने का आह्वान किया। रसायन विज्ञान प्रतियोगिता में बीएससी की छात्रा निशा प्रथम स्थान पर रही।

महाविद्यालय की विज्ञान लैब में प्राचार्य डा. दिनेश गाबा की अध्यक्षता व विज्ञान समिति प्रभारी डा. मीना कुमारी के नेतृत्व में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय की छात्राओं ने भाग लिया। भौतिकी विज्ञान से कुल दो टीमों ने भाग लिया व भूगोल विभाग में एक टीम रही।

रसायन शास्त्र से कुल तीन टीमों ने भाग लिया। रसायन विभाग से बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा अनिशा तथा मीनाक्षी ने खाद्य अपमिश्रण निवारण अधिनियम विषय पर माडल प्रस्तुत किया तथा प्रथम स्थान पर रही। छात्राओं ने अपने माडल के माध्यम से बताया कि कैसे हम खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच करके उसे रोकने में मदद कर सकते हैं । द्वितीय स्थान पर बीएससी तृतीय वर्ष की छात्राएं रिद्धि तथा आरती रही। भौतिकी विभाग से बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्राएं राधा व प्रियंका रहीं इनके मॉडल का विषय राष्ट्रीय महामारी कोविड -19 यूजिंग ऑटो भौतिकी विभाग से पूजा तथा सुमन वेक्सीन कैरियर रोबोट मॉडल के साथ द्वितीय स्थान पर रही। भूगोल विषय में बीए तृतीय वर्ष की छात्राएं संजु कुमारी तथा ममता ने जैव विविधता विषय पर माडल प्रस्तुत किया। स्पर्धा में विज्ञान सोसायटी के सदस्यों ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो. सुबे सिंह, उमेद कुमार, प्रो. गुणपाल, डा. मीना कुमारी, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. अनिल, प्रो. रिंकु, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. तस्वीर, प्रो. प्रियंका, प्रो. आनंद, प्रो. संजय, प्रो. ऊषा, प्रो. सोनू आदि मौजूद थे।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण करते स्टाफ सदस्य।

11:04 PM (1) WhatsApp

+91 94676 88119 @ GCW. Badhra
today at 20:31

11 – 11 – 21

# निबंध लेखन में सुमन व पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में प्रियंका प्रथम



प्रतियोगिता की विजेता प्रतिभागी अपने शिक्षकों के साथ। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में निबंध एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य सूबेसिंह की अध्यक्षता व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सहायक प्रोफेसर रिंकू की देखरेख में संपन्न हुई और इसका विषय महिला सशक्तीकरण रहा।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सहायक प्रोफेसर रिंकू ने बताया कि छात्राओं ने निबंध लेखन व पोस्टरों के माध्यम से नारी शक्ति की महत्ता को बताया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा सुमन ने प्रथम व बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा भतेरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नविना तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियंका ने प्रथम स्थान व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दीपिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति को तृतीय स्थान मिला। इस दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. कमलेश, सहायक प्रोफेसर प्रियंका व रितु ने निभाई। इस अवसर पर परमजीत, डॉ. अनिल, डॉ. मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, तस्वीर, आनंद, संजय, सोनू, डॉ. पूनम, डॉ. गरिमा व उषा आदि उपस्थित रहे।

eb.whatsapp.com

दिनांक – 16/11/2021


# योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए: बिशन

## राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय योग एवं स्वास्थ्य विषय पर कार्यक्रम आयोजित

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महाविद्यालय की महिला विंग की ओर से सात दिवसीय योग एवं स्वास्थ्य विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा छात्राओं ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन महिला विंग की अध्यक्ष एवं भूगोल विभाग की प्रभारी प्रोफेसर रिंकू ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योग एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन जिला अध्यक्ष बिशन सिंह आर्य ने योगाभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास से हमारी शॉपट पावर, आंतरिक ऊर्जा मजबूत बनती है। योगाभ्यास को दैनिक जीवन में लागू करने से हमारे अंदर के विभिन्न तंत्र जैसे श्वसन तंत्र, पाचन तंत्र मिलकर अच्छे से काम करते हैं। हमारे अंदर स्फूर्ति, ताजगी, उल्लास व काम के प्रति रुचि पैदा होती है। योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए। दिन की शुरुआत हमें योगाभ्यास से करनी चाहिए। योगाभ्यास सर्दी, जुखाम इत्यादि रोगों से तो रक्षा करता ही है साथ ही हमें अपने जीवन को ऊर्जावान करने में भी सहयोग करता है। आज के योगाभ्यास में छात्र छात्राओं ने आसन प्राणायाम व सूर्य नमस्कार जैसी क्रियाओं का अभ्यास किया।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में योग क्रिया करती छात्राएं।

अंत में महिला विंग प्रभारी प्रोफेसर रिंकू ने भी आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग को जरूरी बताया व योग शिक्षक बिशन सिंह आर्य का आभार व्यक्त किया। योग अभ्यास सत्र में प्रोफेसर गुणपाल सिंह, प्रोफेसर उमेद सिंह, प्रोफेसर अनिल कुमार, प्रोफेसर मनीषा, प्रोफेसर प्रियंका, प्रोफेसर रितु, जयवीर सिंह इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में जानकारी देते संजय शास्त्री।

17-11-2021

# महिला महाविद्यालय में छात्राओं को प्राकृतिक चिकित्सा और एक्युप्रेशर के बारे में दी जानकारी


भास्कर न्यूज| बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में डॉ. दिनेश गाबा की अध्यक्षता में व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. रिंकू के नेतृत्व में योग दिवस के चौथे दिन का शुभारंभ योग प्रशिक्षक संजय शास्त्री के द्वारा किया गया।

योग प्रशिक्षक संजय शास्त्री ने छात्राओं को प्राकृतिक चिकित्सा व एक्युप्रेशर के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा व एक्युप्रेशर के माध्यम से हम शरीर को स्वस्थ रख सकते है व इनसे मानसिक संतुलन सही बना रहता है।

इस दौरान योग प्रशिक्षक ने छात्राओं को जलनेति, रबड़ नेति, कुंजन नेति आदि प्राकृतिक चिकित्सा का अभ्यास करवाया और इनके लाभ के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. सुबेसिंह, प्रो. उमेद कुमार, प्रो. गुणपाल, प्रो. परमजीत, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. यंशवती, प्रो. रितु, प्रो. प्रियंका, प्रो. मनीषा लाठर, प्रो. कमलेश, प्रो. मीना आदि मौजूद थे।

दिनांक - 19/11/2021



बाढड़ा। राजकीश महिला महाविद्यालय में प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में जानकारी देते संजैय शास्त्री।

# महिला महाविद्यालय में छात्राओं को प्राकृतिक चिकित्सा और एक्युप्रेशर के बारे में दी जानकारी

भास्कर न्यूज| बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में डॉ. दिनेश गाबा की अध्यक्षता में व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. रिंकू के नेतृत्व में योग दिवस के चौथे दिन का शुभारंभ योग प्रशिक्षक संजय शास्त्री के द्वारा किया गया।

योग प्रशिक्षक संजय शास्त्री ने छात्राओं को प्राकृतिक चिकित्सा व एक्युप्रेशर के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा व एक्युप्रेशर के माध्यम से हम शरीर को स्वस्थ रख सकते है व इनसे मानसिक संतुलन सही बना रहता है।

इस दौरान योग प्रशिक्षक ने छात्राओं को जलनेति, रबड़ नेति, कुंजन नेति आदि प्राकृतिक चिकित्सा का अभ्यास करवाया और इनके लाभ के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. सुबेसिंह, प्रो. उमेद कुमार, प्रो. गुणपाल, प्रो. परमजीत, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. यशवती, प्रो. रितु, प्रो. प्रियंका, प्रो. मनीषा लाठर, प्रो. कमलेश, प्रो. मीना आदि मौजूद थे।




बाढड़ा. राजकीय महिला महाविद्यालय में योगचार्य बिशन सिंह को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

# सुषुप्त अंतरिक शक्तियों को जागृत कर तन मन को एकाग्रता की ओर ले जाता है योग

## गवर्नमेंट वुमन कॉलेज में छात्राओं को सिखाए एरोबिक योग अभ्यास के गुर

भास्कर न्यूज | बाढड़ा


राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रो. परमजीत की अध्यक्षता में व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. रिंकू की देख-रेख में साप्ताहिक योगा कैंप के अंतिम दिन का आयोजन योग प्रशिक्षक बिशन सिंह आर्य के सान्निध्य में किया गया। बिशन सिंह आर्य ने छात्राओं को एरोबिक योग अभ्यास के गुर सिखाए। साप्ताहिक कैम्प के दौरान विभिन्न योग क्रियाएं प्राणायाम, प्राकृतिक चिकित्सा, एक्युप्रेशर पद्धति, एरोबिक योगाभ्यास आदि क्रियाओं का अभ्यास कराया और इनके महत्व से अवगत कराया। बिशन सिंह आर्य ने कहा कि योग हमारे सुषुप्त अंतरिक शक्तियों को जागृत करके तन-मन को एक एकाग्रता की ओर लेकर जाता है। एकाग्रता से हमारा ध्यान बढ़ता है। यही ध्यान की प्रक्रिया हमें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ाता है। लगातार योगाभ्यास के द्वारा हमारी इच्छा शक्ति के विकास के साथ-साथ सकारात्मक सोच बनती है। जीवन में आने वाले विपरीत परिस्थितियों में हमारे अंदर उनसे लड़ने की शक्ति का विकास होता है ।इस सात दिवसीय योगाभ्यास का मुख्य उद्देश्य खुद का शोध एवं विकास है। हम अपने आप पर ध्यान करके अपने संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं अतः अपने व्यक्तित्व का विकास करने के लिए योग को हमें अपना अभिन्न अंग बनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. रिंकू के द्वारा आचार्य बिशन सिंह का धन्यवाद किया गया व प्रो. परमजीत के द्वारा स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. गुणपाल, प्रो. उमेद कुमार, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. प्रदीप, प्रो. मुकेश, प्रो तस्वीर, प्रो. मीना, प्रो. कमलेश, प्रो. मनीषा, प्रो. रितु, प्रो. प्रियंका, जयवीर सिंह आदि उपस्थित रहें।

PAPERWELL
Date :
Page no.

Kamlesh Mdm
today at 2:06 pm

दिनांक -26/11/2021

# कॉलेज छात्राओं ने संविधान की शपथ ली




बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में शुक्रवार को एनएसएस प्रथम व द्वितीय इकाई के तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर यशवंती और जितेंद्र कुमार के निर्देशन में स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय एकता, अखंडता व संविधान के प्रति कर्त्तव्यों की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर प्राप्त करने का समान अधिकार है। इस

# सफलता प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारण जरूरी- मनोज दलाल

29-12-2021





बाढड़ा - जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित होना जरूरी, बिना मेहनत व लक्ष्य निर्धारण के सफलता प्राप्त नहीं हो सकती। यह बात एचसीएस मनोज दलाल ने महिला महाविद्यालय बाढड़ा में भूगोल विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता कही।

इस बारे में जानकारी देते हुए डॉ. रिंकू ने बताया कि राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में महिला सशक्तिकरण विषय पर पर सेमिनार का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य वक्ता के रूप में मनोज दलाल रोडवेज जीएम भिवानी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से बोलते हुए मनोज दलाल ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि प्रकृति का स्वरूप परिवर्तशील होता है।

इसके अनुरूप खुद को सकारात्मक रूप से ढाल करके आगे बढ़ा जा सकता है। वैज्ञानिक एंव आध्यात्मिक सोच को एक रख कर जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि कोई भी फैसला लेने से पहले उसकी व्यवहारिकता पर भी ध्यान देना आवश्यक है।

स्वकेन्द्रित फैसला लेने से बचना चाहिए। व्यावसायिक रूप से जीवन में सफलता के लिए एक बेहतर कार्ययोजना के साथ के साथ ही मंजिल को प्राप्त किया जा सकता है। आप जीवन या कैरियर के उच्च शिखर पर पहुंचने के लिए लक्ष्य तय कीजिए, सतत् मेहनत करते रहे और धीरज के साथ लक्ष्य की ओर बढ़िए और इस क्रम को आनंद के साथ चलाते रहिए।

आप निश्चय ही अपने टारगेट को पा लेंगे। इस अवसर पर डॉ यशवंती, डॉ रितु, डॉ रिंकू, डॉ मुकेश कुमार, डॉ सोनू, डॉ उमेद कुमार, हरपाल आर्य सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

PAPERWELL
Date :
Page no.

दैनिक भास्कर चरखी दादरी भास्कर 05-03-2022



बाढड़ा। कॉलेज में आयोजित शोसल साईस कल्ब द्वारा प्रशनोतरी प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ स्टाफ सदस्य।

# महिला महाविद्यालय में हुई प्रश्नोतरी प्रतियोगिता

बाढड़ा | राजकीय महिला महाविद्यालय में सोशल सांइस क्लब द्वारा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डा.सुबे सिंह ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यवाहक प्राचार्य सु बे सिंह ने कहा कि महाविद्यालय में ऐसी प्रतियोगिता समय-समय पर करवाई जाती रही हैं जिससे छात्राओं में अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए हौंसला मिलता हैं। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. अनिता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की आठ टीमों ने भाग लिया।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्य व अन्य। दिनांक – 6/3/2022

# निबंध प्रतियोगिता में रिंकू प्रथम, प्रियंका द्वितीय रही

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्य सुबेसिंह की अध्यक्षता में व कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के अन्तर्गत प्रो. मीना के नेतृत्व में महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं अधिनियम विषय पर निबंध लेखन व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कार्यकारी प्राचार्य सुबेसिंह ने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने एवं उनका उपयुक्त प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा उन्होंने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्राओं का ज्ञान तो बढ़ता ही है साथ ही कुछ नया सीखने का अवसर भी मिलता है। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने भाग लिया जिसमें टीम डी ने प्रथम, टीम ए ने द्वितीय व टीम सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

निबंध लेखन प्रतियोगिता मे छात्रा रिंकु ने प्रथम स्थान, छात्रा प्रियंका ने द्वितीय स्थान व छात्रा मनीषा ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

चरखी दादरी भास्कर 31-03-2022

# पोस्टर मेकिंग में प्रीति प्रथम



महिला महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं द्वारा बनाए पोस्टर दिखाते हुए।।

बाढड़ा| राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में तथा एनएसएस प्रभारी प्रो. यशवंती व निर्वाचन क्लब की प्रभारी प्रो. मीना के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार मेरा वोट मेरा भविष्य-एक वोट की ताकत विषय पर सेमिनार, स्लोगन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने एक वोट के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता को निष्पक्ष होकर अपना वोट डालना चाहिए। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रीति छात्रा ने प्रथम व द्वितीय स्थान छात्रा प्रियंका ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में छात्रा प्रीति ने प्रथम स्थान, छात्रा निकिता ने द्वितीय स्थान व छात्रा संजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता मे छात्रा रेणु ने प्रथम, छात्रा रिंकू ने द्वितीय, छात्रा सुमन और पूजा ने तृतीय स्थान किया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

31-03-2022

# स्लोगन स्पर्धा में प्रीति व भाषण में रेणू प्रथम


बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में मेरा वोट मेरा भविष्य विषय को लेकर सेमिनार करवाया गया। इसकी अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की ने की व एनएसएस प्रभारी यशवंती और निर्वाचन क्लब की प्रभारी प्रोफेसर मीना की देखरेख में छात्राओं ने अपने विचार रखे।

**राजकीय महिला कॉलेज में मेरा वोट-मेरा भविष्य विषय पर सेमिनार**

यशवंती ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए। प्राचार्य सूबे सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान ने 18 वर्ष की आयु में वोट का अधिकार दिया है। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। स्लोगन स्पर्धा में छात्रा प्रीति ने प्रथम व प्रियंका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में छात्रा प्रीति प्रथम व निकिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रा रेणू प्रथम, छात्रा रिंकू द्वितीय व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संवाद

6/6/2022

# स्वयंसेविकाओं ने मनाया पर्यावरण दिवस



राजकीय महाविद्यालय में पर्यावरण संदेश यात्रा निकालती स्वयंसेविकाएं। संवाद

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में स्वयं सेविकाओं ने रविवार को शिविर के दूसरे दिन पर्यावरण दिवस मनाया। पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर पर्यावरण विषय पर स्लोगन लेखन स्पर्धा भी करवाई गई। इस स्पर्धा में स्वयंसेविका मनीषा को पहला और प्रीति ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरा स्थान संजू और मनजीत को मिला। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी प्रो. यशवंती व प्रो. जितेंद्र के नेतृत्व में प्रातः कालीन सत्र में स्वयं सेविकाओं ने कॉलेज प्रांगण [illegible]


# एनएसएस स्वयं सेविकाओं ने चलाया स्वच्छता अ

08-06-2022

बाढड़ा। कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया।

महिला कालेज में आयोजित एनएसएस शिविर के कार्यक्रम प्रभारी प्रो. जितेन्द्र और प्रो. यशवंती ने स्वयं सेविकाओं के अलग-अलग समूह बनाकर महाविद्यालय की सफाई करने के लिए प्रोत्साहित किया और सेविकाओं ने महाविद्यालय को पॉलिथीन मुक्त बनाया।

कार्यक्रम में दोपहर बाद पहुंची एसएमएस हॉस्पिटल, बाढड़ा से डॉ. रेनू श्योराण शिविर में स्वयं सेविकाओं के बीच मुख्य वक्ता के रूप में पहुंची और स्वच्छ भारत अभियान विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान सरकार द्वारा आरंभ किया गया राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जिसका मुख्य उद्देश्य हर जगह को साफ सुथरा रखना है और बताया कि



एनएसएस शिविर को संबोधित करते डा. रेणू श्योराण।

यह अभियान 2 अक्टूबर 2014 को आरंभ किया गया, महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था।

उन्होंने सभी स्वयं सेविकाओं को साफ सफाई रखने के लिए संदेश दिया। समाजसेवी कुलदीप जी आर्य ने स्वयं सेविकाओं को बुराइयों का त्याग करने और दूसरों को ग्रहण करने के लि स्वयं सेविका रेनू, प्रिय कुमारी ने शानदार गी दी। सभी स्वयं से यशवंती और प्रो.जिते और कुलदीप जी आ पहुंचने पर स्मृति अभिनंदन किया।

# ट्रैफिक नियमों का पालन कर हादसों में ला सकते हैं कमी : इंस्पेक्टर

09-06-2022

## जिला पुलिस की ओर से बाढड़ा राजकीय कॉलेज में एनएसएस शिविर के दौरान दी गई ट्रैफिक नियमों की जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

बाढड़ा। बाढड़ा राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के तत्वावधान में आयोजित शिविर में बुधवार को ट्रैफिक पुलिस की ओर से यातायात नियमों की जानकारी दी गई। ट्रैफिक प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन कर ही सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है।

महाविद्यालय की दोनों एनएसएस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में जांगिड़ धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन की शुरुआत कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर यशवंती और प्रोफेसर जितेंद्र के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं ने लक्ष्य गीत गाकर की। सुबह के समय ही स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय के खेल मैदान की सफाई की गई और पौधों में पानी दिया गया। दोपहर बाद शिविर में इंस्पेक्टर ओम प्रकाश मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे और सड़क सुरक्षा विषय पर छात्राओं को जानकारी दी।



छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर ओमप्रकाश। संवाद

### जांगिड़ धर्मशाला में आयोजित हुआ सात दिवसीय विशेष शिविर

उन्होंने शिविर में स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज समय है कि हम लोग आसपास होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए टू व्हीलर चलाते समय हेलमेट और फोर व्हीलर चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। अगर हम जागरूक होंगे तो सड़क हादसे कम हो सकेंगे, इसलिए सभी को चाहिए कि हम सभी सड़क पर चलते समय एक दूसरे का ध्यान रखते हुए यातायात नियमों का पालन करेंगे। स्वयं सेविका प्रिया ने सड़क सुरक्षा से संबंधित एक कविता की प्रस्तुति दी। इसके बाद सभी स्वयं सेविकाओं ने यातायात के नियमों का पालन करने के लिए और दूसरों को भी जागरूक करने के लिए शपथ ली। शाम के समय दहेज प्रथा और बाल विवाह पर स्वयं सेविकाओं ने शानदार नाटक की प्रस्तुति भी दी।

इस नाटक के माध्यम से उन्होंने समाज को संदेश दिया कि हमें दहेज न तो लेना चाहिए और न ही देना चाहिए। महाविद्यालय में आए हुए प्रो. मीना, प्रो. मनीषा, कार्यक्रम प्रभारी प्रो. जितेन्द्र, प्रो. यशवंती और सभी स्वयं सेविकाओं ने ओम प्रकाश का और उनके साथ आई हुई पूरी टीम का धन्यवाद किया।

08-09-2022

# कालेज की छात्राओं को फसल अवशेष प्रबंधन की दी जानकारी



राजकीय महिला महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण पर बनाए गए पोस्टरों के साथ छात्राएं।

**संवाद सहयोगी, बाढड़ा :** बाढड़ा कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं को फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए प्रदूषण बचाने का आह्वान किया गया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो. वशवंती तथा प्रो. जितेंद्र के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं द्वारा खेतों में फसल अवशेष न जलाने की शपथ ली गई। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने के कारण मिट्टी में उपलब्ध जरूरी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और नाइट्रोजन की कमी हो जाती है। जिसके कारण फसलों का उत्पादन घट जाता है और वातावरण में हानिकारक गैसों के फैलने से मनुष्य के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। आंखों का नाक व गले में समस्या होती है स्वयं सेविकाओं ने कहा कि फसल कटाई के बाद अवशेष को खेतों में नहीं जलाना चाहिए।

14-09-2022

# निबंध लेखन में ज्योति प्रथम और सुमन देवी द्वितीय

बाढड़ा । राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में हिन्दी दिवस के अवसर पर कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में व प्रो. मीना के नेतृत्व में निबंध लेखन व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की विभिन्न छात्राओं ने भाग लिया । निबंध लेखन का विषय हिन्दी भाषा और युवा पीढ़ी रहा। इस दौरान प्रो. मीना ने हिन्दी भाषा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है और देश की युवा पीढ़ी को भी हिंदी को न केवल हर क्षेत्र में बल्कि विश्व स्तर पर भी प्रसारित करना है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्योति ने व द्वितीय स्थान सुमन देवी ने व तृतीय स्थान प्रतिभा ने प्राप्त किया ।

12 - 07 - 2022

# राजकीय महिला कॉलेज में दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. रिंकु के नेतृत्व में पीसीओएस व पी सीओडी तथा महिला स्वास्थ्य संबधी सेमिनार का आयोजन किया गया।

स्त्री रोग विशेषज्ञ सुनीता जांगडा ने छात्राओं को पीसीओडी व पीसीओएस संबधी जानकारी देते हुए बताया कि आज के दौर में अधिकतर महिलाएं इस समस्या से जूझ रही है। उन्होंने महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी मुख्य समस्याओं का समाधान सरल व साधारण शब्दों के साथ प्रयोग के माध्यम से किया ।

20-09-2022


# उत्तम पोषाहार स्वस्थ जीवन का आधार: गीता

## महिलाओं व छात्राओं को कहा, हरी सब्जियों और फलों का सेवन कर खुद को रखें तंदुरूस्त

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उपायुक्त प्रीति के मार्गदर्शन में जिला में चलाए जा रहे पोषण माह के तहत मंगलवार को बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में पोषण आहार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारन ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तम पोषाहार ही स्वस्थ्य जीवन का आधार है। हरी सब्जियों व फलों का सेवन कर खुद को तंदुरूस्त रखें। जिला में आगामी 30 सितम्बर तक पोषण



जानकारी देती महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारन।

माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को पोषण के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आहार में फल, सब्जियां एवं मोटा अनाज शामिल करें। किशोरी बालिकाओं के आहार में आयरन युक्त भोजन के लिए अंकुरित दाल, हरी पत्तेदार सब्जियां, सूखे मेवे, सोयाबीन इत्यादि शामिल करें। बच्चों के पूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ सही पोषण का भी ज्ञान दें। फल, सब्जी आदि को खुले हुए नल के नीचे धोने की बजाए बर्तन में पानी डालकर धोएं तथा बारिश के पानी का संचयन करें। कार्यक्रम में उपस्थित गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई कार्यक्रम भी आयोजन किया गया तथा 6 माह से ऊपर के बच्चों को सम्पूर्ण आहार देने बारे भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य सुबे सिंह, प्रो. जितेन्द्र, मीना, जयवंती और सुपरवाइजर अनीता सहित महिलाएं व कॉलेज छात्राएं उपस्थित थी।

13-10-2022

# चरखी दादरी

अभियान • राजकीय महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय शिविर के दौरान की सफाई

# पर्यावरण को प्लास्टिक और प्रदूषण मुक्त बनाने का लिया संकल्प, मेहंदी प्रतियोगिता भी करवाई

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट वन द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्राचार्य सुबे सिंह की अध्यक्षता में व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्रो. यशवंती के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर की शुरुआत एनएसएस तालियों तथा एनएसएस लक्ष्य गीत गाकर की गई। इस एक दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय को पॉलीथिन व प्लास्टिक मुक्त बनाना था। कार्यक्रम अधिकारी प्रो.यशवंती ने स्वयं सेविकाओं के अलग-अलग समूह बनाकर महाविद्यालय को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को बायोडिग्रेडेबल वेस्ट तथा नॉन बायोडिग्रेडेबल वेस्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमें इन दो प्रकार की वेस्ट को अलग-अलग कूड़ेदान में एकत्रित करना चाहिए। उन्होंने स्वयं सेविकाओं से अपील की कि वो अपने परिवार,समाज और गांव के लोगों को पॉलिथीन की बजाए कपड़े के बैग इस्तेमाल करने के लिए जागरूक करेंगी ताकि अपने वाली पीढ़ी को हम एक सुरक्षित वातावरण प्रदान कर सकें और उनको अनेक भयंकर बीमारियों से बचा सकें। स्वच्छता ही सेवा है इस भाव से स्वयं सेविकाओं को जागरूक किया गया और उनको बताया गया कि स्वच्छ भारत अभियान की वास्तविक सफलता आम लोगों से जुड़ी है। इसलिए सभी आम लोगों को सामाजिक और व्यक्तिगत साफ-सफाई के प्रति अधिक संवेदनशील होने की जरूरत है।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राएं पर्यावरण को प्लास्टिक तथा प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए व इस दौरान मेहंदी स्पर्धा भी हुई।

## मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में प्राचार्य सुबे सिंह की अध्यक्षता में व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. रिंकू के नेतृत्व में करवा चौथ के उपलक्ष्य में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी छात्राओं ने अपनी कलाकृति के द्वारा मेंहदी के अच्छे डिजाइन बनाए। इस अवसर पर सभी महिला स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

15-10-2022

# प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में टीम-ए प्रथम और टीम-ई द्वितीय रही



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रश्नोतरी प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं के साथ स्टाफ सदस्य।


भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में व विज्ञान सोसाइटी प्रभारी डा. मीना कुमारी के नेतृत्व में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान संकाय की विभिन्न छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान गणित, रसायन विज्ञान, भौतिकी विज्ञान से छात्राओं से विभिन्न प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता के दौरान आठ टीमें बनाई गई। प्रत्येक टीम से तीन प्रतिभागी सदस्य शामिल किए गए। प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक विषय के छह चरण करवाए गए। दो चरण दृश्य के करवाएं गए व अन्त में एक चरण रेपिड फायर का करवाया गया। इस दौरान प्रथम स्थान टीम ए- राधा, निकिता, प्रियंका ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान टीम ई- निशा, अलका, अनु ने व तृतीय स्थान टीम डी-कुसुमलता, अभिषा, सोनिया ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. यशवंती, प्रो. प्रदीप, प्रो. गरिमा, प्रो. आनन्द, प्रो. कमल, प्रो. रितु आदि उपस्थिति रहे।

पार तथा गलियों आदि को पॉलीथीन व प्लास्टिक मुक्त ... दादरा-लोहारू ...
गया।

19/10/2022

# सेविकाओं ने गलियों से लेकर झुग्गी-झोंपड़ी बस्ती में सफाई प्रति किया जागरूक



गलियों से कूड़ा उठाती व सफाई करती स्वयं सेविकाएं तथा झुग्गी-झोंपड़ी बस्ती को कचरा मुक्त करती हुई।

... अक्तूबर (प्रविंद्र): ... महिला महाविद्यालय ... एन.एस.एस. यूनिट 1- ... स्वयं सेविकाओं द्वारा ... अभियान 2.0 के ... ढाड़ा में स्वच्छता ... चलाया गया। इस ... संचालन प्राचार्य सुश्री ... तथा एन.एस.एस. ... अधिकारी सहायक ... तथा प्रो. जितेन्द्र ... किया गया। ... सेविकाओं ने गांव खांढड़ा ... बस स्टैंड, सरकारी ... चौक, झुग्गी-झोंपड़ी लोहारू रोड, बाजार तथा गलियों आदि को पॉलीथिन व प्लास्टिक मुक्त बनाया तथा साफ-सफाई के बाद कूड़े कचरे को एक जगह पर एकत्रित किया। रैली के माध्यम से स्वयं सेविकाओं ने गांव खांढड़ा के लोगों को पॉलीथिन और प्लास्टिक से बनी हुई चीजों का इस्तेमाल न करने व अपने आस-पास गंदगी न फैलाने के लिए जागरूकता किया।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत महाविद्यालय की 200 स्वयंसेविकाओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और लोगों को अपने आसपास पानी के स्रोत जैसे नहर, तालाब, टैंक आदि को साफ रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान दौरान महाविद्यालय के डा. गुणपाल सिंह, डा. सोनू, प्रो. कमल, जयवीर, दीपक, सुमित, विशाल आदि उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी तरफ महिला महाविद्यालय झोझू कलां की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के तत्वावधान में भारतीय युवा खेल मंत्रालय द्वारा निर्देशित स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत मैगा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर शिक्षण समिति के प्रधान धर्मवीर सिंह, मांगे राम, हरिकिशन स्टाफ सदस्य डा. मुन्नी चौधरी, डा. मंजीत व डा. पूनम भी उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवकों ने शहर में चलाया मैगा स्वच्छता अभियान

लोहारू (प्रदीप): चौधरी बंसी लाल राजकीय महाविद्यालय लोहारू के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों की दोनों यूनिट्स के सौजन्य से कॉलेज परिसर और शहर में सार्वजनिक स्थानों पर मैगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान में स्वयंसेवकों द्वारा प्लास्टिक और पॉलीथिन अपशिष्ट पदार्थों को इकट्ठा किया गया और नगरपालिका लोहारू को व्यर्थ प्लास्टिक एवं पॉलीथिन कचरा सुपुर्द किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में [illegible] ... स्वयंसेवकों को ... करते हुए मैगा स्वच्छता ... के महत्व में ... करवाया। ... ने एन.एस.एस. ... अधिकारी ... सिंह ने स्वयंसेवकों ... करते हुए कहा कि ... [illegible] ... और दिल्ली में एक साथ आयोजित किया जा रहा है।

एन.एस.एस. यूनिट-2 कार्यक्रम अधिकारी डा. सीमा काजल ने स्वयंसेवकों को श्रमदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में श्रमदान और अनुशासन का विशेष महत्व है जो विद्यार्थी को भविष्य के लिए एक अच्छे नागरिक के रूप में तैयार करता है। इस मौके पर डा. मुकेश कुमार चहल, डा. संदीप भारद्वाज, डा. राज बाला, डा. वरिंदर सिंह, सरिता, सुनील गंधरा आदि उपस्थित रहे।



सार्वजनिक स्थान पर मैगा स्वच्छता अभियान चलाते हुए स्वयंसेवक। (प्रदीप)

हिसार, शनिवार 22 अक्टूबर, 2022 | 04



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं के साथ स्टाफ सदस्य।

# विज्ञान निबंध लेखन में सुमन पहले व निधि दूसरे स्थान पर

### प्रतियोगिता में जल संरक्षण व प्रबंधन आदि विषय रहे


## महिला महाविद्यालय में हुई विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. परमजीत की अध्यक्षता में तथा साईंस सोसायटी प्रभारी डॉ. मीना कुमारी के नेतृत्व में विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

लेखन प्रतियोगिता के दौरान राष्ट्रीय विकास में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ड्रोन प्रौद्योगिकी का विभिन्न क्षेत्रों में महत्व और क्षमता, राज्य में खेल संस्कृति का महत्व, पोस्ट कोविड-19 चुनौतियां और अवसर तथा जल संरक्षण व प्रबंधन आदि प्रमुख विषय रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की छात्रा सुमन ने व द्वितीय स्थान बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा निधि ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की छात्रा अभिषा ने व चतुर्थ स्थान बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की छात्रा अनिशा ने हासिल किया। इस दौरान प्रो. मीना कुमारी ने छात्राओं को विज्ञान प्रौद्योगिकी की जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर सहायक प्रो. यशवंती, प्रो. प्रदीप, प्रो. कमल, प्रो. गरिमा, प्रो. रीतु, प्रो. आनन्द आदि उपस्थित रहें।

26-11-2022



संविधान दिवस के अवसर कार्यक्रम में शपथ लेती एनएसएस स्वयंसेविकाएं।

# स्वयंसेविकाओं ने ली राष्ट्रीय एकता व अखंडता की शपथ

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस प्रथम व द्वितीय इकाई के तत्वाधान में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो. यशवंती व प्रो. जितेन्द्र कुमार के निर्देशन में स्वयं सेविकाओं को राष्ट्रीय एकता और अखंडता सुनिश्चित करने तथा संविधान के प्रति कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई।

प्रो. यशवंती व प्रो. जितेन्द्र कुमार ने स्वयं सेविकाओं को बताया कि हम सभी को भारत को एक

समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। उन्होंने शपथ दिलाई की सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर प्राप्त करने का समान अधिकार है। समानता प्राप्त कराने के लिए तथा सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता व अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। इस दौरान डा.अनिल कुमार, प्रो. मीना, प्रो. कमल, प्रो. सोनू, प्रो. मनीषा, प्रो.कमलेश, जयवीर, स्वयंसेविका प्रिया

29-11-2022


# राजकीय महिला कॉलेज में हुई निबंध प्रतियोगिता

जगत क्रान्ति ▶▶ बाढड़ा



राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में व ड्रग्स प्रीवेंशन के नोडल अधिकारी डा. गुणपाल सिंह तथा एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी प्रो. यशवंती व प्रो. जितेन्द्र के नेतृत्व में नशीली दवाओं की रोकथाम विषय पर निबंध प्रतियोगिता तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से स्वयं सेविकाओं ने संदेश दिया कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग हमारी स्वास्थ्य सुरक्षा, शांति और विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में स्वयंसेविका अनिषा ने प्रथम, कल्पना ने द्वितीय स्थान तथा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेंकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वयं सेविका पूजा, द्वितीय स्थान स्वयंसेविका प्रिया तथा तृतीय स्थान स्वयं सेविका सुमन और आचुकी ने हासिल किया। इस दौरान प्रो. रिंकु, मीना, कमलेश, मनीषा, आनन्द, सोनू आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

# रसायन विज्ञान प्रतियोगिता में कुसुमलता व सोनिया प्रथम, रुक्षाना व नीरज रही द्वितीय



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं के साथ स्टाफ सदस्य।

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में व साईंस सोसायटी प्रभारी डा. मोना कुमारी के नेतृत्व में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान विज्ञान संकाय की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

रसायन विज्ञान में अम्लीय वर्षा, वर्षा जल संचयन, नाभिकीय शक्ति संयंत्र विषय पर छात्राओं द्वारा मॉडल प्रस्तुत किए गए। भौतिकी विज्ञान में सौर ऊर्जा संचालित तथा स्वचालित वाहन और कूड़ेदान विषय पर तथा भूगोल में ज्वालामुखी के प्रकार विषय पर मॉडल प्रस्तुत किए गए। स्पर्धा में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के डा. रवि प्रकाश सहायक प्रो. इतिहास, डा. विनोद सहायक प्रो. रसायन विज्ञान, डा. जितेन्द्र भारद्वाज एसोसिएट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान तथा महाविद्यालय के विज्ञान सोसायटी के सदस्यों ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। रसायन विज्ञान में प्रथम स्थान बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कुसुमलता तथा सोनिया ने व द्वितीय स्थान तृतीय वर्ष की छात्रा रुक्षाना व नीरज ने तथा तृतीय स्थान बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कोमल तथा कविता यादव ने प्राप्त किया। भौतिकी विज्ञान में प्रथम स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया व अनिशा तथा द्वितीय स्थान बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अभिषा व मुनेश ने प्राप्त किया। भूगोल विषय में एमएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा अनुराधा व सोनू ने प्रथम स्थान हासिल किया। मौके पर डा. गुणपाल सिंह, डा. अनिल कुमार, डा. मुकेश कुमार, प्रो. यशवंती, प्रो. रितु, प्रो. प्रदीप, प्रो. आनन्द, प्रो. मीना, प्रो. कमल, प्रो. मनीषा, प्रो. कमलेश, प्रो. सोनू, प्रो. सत्यवीर आदि उपस्थित रहे।

09-12-2022

# सड़क सुरक्षा अभियान के तहत महिला महाविद्यालय की छात्राओं को दिलाई शपथ

■ मतदाता जागरूकता विषय पर भाषण, निबंध व रंगोली प्रतियोगिता



सड़क सुरक्षा अभियान के तहत महाविद्यालय में छात्राओं को शपथ दिलवाती एन.एस.एस. प्रभारी प्रो. यंशवती।

बाढड़ा। कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय में इलक्ट्रोल क्लब प्रभारी प्रो. मीना के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता विषय पर भाषण, निबंध व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व इस दौरान एनएसएस प्रभारी प्रो. यंशवती के नेतृत्व में सड़कसुरक्षा अभियान के तहत महाविद्यालय की सभी छात्राओं को शपथ दिलाई गई व छात्राओं को सड़कसुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

मतदाता जागरुकता विषय पर महाविद्यालय की पांच दर्जन से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में निबंध लेखन प्रतियोगिता में एम ए द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनिका ने प्रथम स्थान, बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा अनिशा ने द्वितीय स्थान व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा प्रीति ने व द्वितीय स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया ने व तृतीय स्थान बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा विनीत ने हासिल किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी काम. द्वितीय वर्ष की छात्रा सुनीता ने व द्वितीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पूजा ने व तृतीय स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. मनीषा लाठर, प्रो. कमलेश, प्रो. पूनम, प्रो. उषा आदि उपस्थित रहें।

## झोझूकलां महिला महाविद्यालय में सड़कसुरक्षा अभियान चलाया

महिला महाविद्यालय झोझूकलां के एन.एस.एस. इकाइयों द्वारा सड़कसुरक्षा अभियान चलाया गया। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित इस अभियान के अन्तंगत स्वंयसेविकाओं ने सड़कसुरक्षा नियमों को अपनाने की शपथ ली तथा कार्यक्रम अधिकारी डा. सुदेश ने की। इस अवसर पर स्वंयसेविकाओं को सड़कसुरक्षा के नियमों की जानकारी दी और इन नियमों को अपनाने का आह्वाहन किया। यूथ रैड क्रॉस, रैड रिबन क्लब और एन.एस.एस. यूनिट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्वंयसेविकाओं ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। एड्स जागरूकता माह के अन्तंगत स्वंयसेविकाओं ने रिबन बना कर एड्स के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. अनूप सांगवान, कार्यक्रम अधिकारी वन्दना बैनीवाल, अन्य स्टाफ सदस्य और स्वंयसेविकाएं उपस्थित रहीं।


# कैंप के समापन पर छात्राओं को किया सम्मानित

01-04-2023

बाढड़ा। राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों इकाइयों के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र यशवंती ने सप्ताह भर चले कार्यक्रम की जानकारी दी। मुख्य अतिथि प्रोफेसर परमजीत श्योराण ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। एनएसएस की छात्रा पिंकी श्योराण ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में प्रोफेसर सोनू, ऊषा, अनिता, रिंकू, मीना, गुनपाल, मनीषा, किरण, छात्रा पिंकी श्योराण, आरती, नितिन, किरण, सुमन, रविना, मोनिका, प्रिया, प्रियंका, पूजा आदि छात्राएं मौजूद रहीं। संवाद

# प्रतियोगिताओं से कानूनी साक्षरता के प्रति किया जागरूक

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता एवं प्रो. मीना के नेतृत्व में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के तहत निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग व स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मानवाधिकार और मौलिक कर्तव्य, यौन उत्पीड़न इत्यादि विषयों पर निबंध लेखन तथा पोस्टर मेकिंग में नशा मुक्ति, स्वच्छता और सामान्य जानकारी तथा स्लोगन में दहेज प्रथा, बाल विवाह इत्यादि विषय रहे। निबंध



कालेज में पोस्टर मेकिंग में प्रथम आने वाली छात्राएं।


लेखन प्रतियोगिता में काजल ने प्रथम, अनिशा ने द्वितीय स्थान व कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान प्रीति, द्वितीय स्थान सुनीता व तृतीय स्थान आशिमा ने हासिल किया।

07-01-2023

# राजकीय महिला महाविद्यालय में योग शिविर शुरू

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : कस्बा बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ की ओर से पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। शिविर में योगाचार्य बिशन सिंह आर्य ने योगाभ्यास कराया। आर्य ने उपस्थित छात्राओं व प्राध्यापिकाओं को सदा निरोग रखने वाले आसन प्राणायामों का अभ्यास कराया।

बिशन आर्य ने बताया कि आज के प्रतिस्पर्धा व भागदौड़ भरी जीवनशैली में प्रतिदिन एक घंटा योगाभ्यास के लिए निकालना जरूरी है। आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार का प्रतिदिन का अभ्यास जहां शरीर को निरोग रखता है वहीं मन में उत्साह का संचार होता है। हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है। इसलिए योग गुरुओं ने निरोगी काया को पहला सुख माना है। प्रतिदिन सुबह जल्द उठकर योगाभ्यास करने से हमारी कार्य क्षमता बढ़ती है। सकारात्मक सोच के साथ-साथ हम और अधिक ऊर्जावान होकर कार्य कर सकते हैं।



बाढड़ा : कस्बे के राजकीय म्हाविद्यालय में योग क्रियाएं करवाते योगी बिशन सिंह आर्य। ● विज्ञप्ति

योग सत्र की अध्यक्षता करते हुए महिला विंग एवं भूगोल विभाग की प्रभारी डा. रिंकू ने भी छात्राओं को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. प्रदीप कुमार, डा. मीना कुमारी, प्रोफेसर यशवंती, प्रो. मीना, डा. मनीषा लाठर, डा. कमलेश, प्रो प्रियंका भी उपस्थित रहीं।

11/1/2023

# योगाभ्यास से मिट जाते सभी शारीरिक-मानसिक विकार

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : कस्बा बाढड़ा स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की तरफ से आयोजित योग शिविर के दूसरे दिन की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य सूबे सिंह ने की। उन्होंने योग की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। योग केवल शारीरिक और मानसिक विकारों को ही दूर नहीं करता बल्कि जीवन में संयम और अनुशासन बनाए रखने के लिए भी जरूरी है। विद्यार्थियों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा में मानसिक दबाव को नियंत्रित करने के लिए यौगिक क्रियाएं बहुत उपयोगी होती हैं। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम में योग को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया जाना चाहिए। योगाचार्य बिशन सिंह आर्य ने सर्वांग सुंदर व्यायाम, पद्मासन, वज्रासन, चक्रासन, ताड़ासन के साथ-साथ भस्त्रिका, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया।



राजकीय महिला महाविद्यालय में योगाभ्यास करवाते बिशन सिंह आर्य। • हिड़वि

उन्होंने कहा कि विभिन्न आसन जहां शरीर में स्फूर्ति और लचीलापन को बढ़ाने में सहायक हैं। वहीं प्राणायाम का प्रतिदिन का अभ्यास हमारे आंतरिक तंत्रों को मजबूत बनाता है। विशेष रूप से स्नायु तंत्र, पाचन तंत्र, रक्त परिसंचरण तंत्र इत्यादि में समन्वय स्थापित करके हमारी आंतरिक ऊर्जा को केंद्रित करने में सहायक है। आसन, प्राणायाम के प्रतिदिन के अभ्यास से विद्यार्थियों में एकाग्रता बढ़ती है, बुद्धि का विकास होता है। महिला प्रकोष्ठ एवं भूगोल विभाग की प्रभारी योग शिविर की संयोजिका प्रो. रिंकू ने हर कार्य को कुशलता से करने के लिए योगाभ्यास को जरूरी बताया। योगाभ्यास में डा. मीना, प्रो. यशवंती, प्रो. मोना, प्रो. मनीषा लाठर, प्रो. कमलेश, प्रो. प्रियंका, प्रो. प्रदीप कुमार इत्यादि ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

*********

12/1/2023

जागरण हिसार, 12 जनवरी, 2023

जागरण सिटी चरखी दादरी

# राष्ट्रीय युवा दिवसः महिला कालेज में स्पर्धा आयोजित

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : कस्बा बाढड़ा स्थित महिला महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ व एनएसएस की तरफ से वीरवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर विचार गोष्ठी, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। योग शिविर कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. रिंकू व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशवंती के निर्देशन में योगाचार्य बिशन सिंह आर्य, ब्रह्मकुमारी निर्मला, शशि, सुनील कुमार, राजेश कुमार, डा. मीना, प्रो. मीना, प्रो. कमलेश, प्रो. मनीषा, प्रो. प्रियंका इत्यादि ने स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। योग शिविर में उपस्थित छात्राओं ने ध्यानात्मक क्रिया करने के बाद विचार गोष्ठी में भाग लिया। विचार गोष्ठी में विचार प्रकट करते हुए बिशन सिंह आर्य ने



महिला महाविद्यालय में योग शिविर में अलग-अलग स्पर्धाओं में अग्रणी छात्राएं प्रबंधन के साथ। • विज्ञप्ति

कहा कि युवा समाज में बदलाव का प्रतीक है। वह बदलाव सकारात्मक भी हो सकता है और नकारात्मक भी। युवा जोश, साहस और ऊर्जा से लबरेज होता है। देश की आजादी में भी खुदीराम बोस, मंगल पांडे, भगत सिंह, उधम सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल जैसे युवाओं ने अपने प्राणों की आहुति देकर गुलामी की जंजीरों को तोड़ा। युवा अपनी शक्ति को पहचाने।

उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 11 सितंबर 1893 को अमेरिका के शिकागो शहर में सर्व धर्म सम्मेलन में भारत की सनातन संस्कृति की पताका लहराकर विश्व पटल पर भारतीयता का नाम रोशन किया था। उन्होंने कहा कि युवा अपना लक्ष्य निश्चित करें और जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो तब तक रुकें नहीं। ब्रह्मकुमारी निर्मला ने कहा कि जब तक सोच युवा नहीं होगी तब तक केवल आयु से युवा होने से कुछ नहीं होगा।

युवा अपनी शक्ति को पहचानें। अध्यापक सुनील कुमार ने कहा कि युवा महापुरुषों से प्रेरणा लेकर उन्हें अपना आदर्श मानें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रिंकू ने की। विचार गोष्ठी में छात्राओं ने भी अपने विचार प्रकट किए। भाषण प्रतियोगिता में स्वयंसेविका प्रीति ने प्रथम, सुमन ने द्वितीय व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में स्वयंसेविका अंशु ने प्रथम, भते[illegible] व कुसुमलता ने द्वितीय तथा अनु[illegible] तीसरा स्थान प्राप्त किया।

13/1/2023

15-01-2023

# महिला कालेज में पांच दिवसीय योग शिविर का समापन

बाढड़ा। कस्बे के महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग



शिविर के आज समापन किया गया। योग शिविर के समापन अवसर पर सभी छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने प्रतिदिन योगाभ्यास करने का लिया संकल्प। योग शिविर के पांचवे दिन योगाचार्य बिशन सिंह आर्य ने सूर्य नमस्कार, आसन, प्राणायाम के अभ्यास के साथ-साथ स्वस्थ आहार व्यवहार के बारे में भी विस्तार से बताया। योगाचार्य विशन सिंह आर्य ने बताया कि योग के साथ-साथ हमें अपने खानपान पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। कीटनाशक दवाइयों के प्रयोग के कारण आज हमारी फल- सब्जियां भी विषैली हो चुकी हैं। ऐसे में हमें जैविक खाद्य पदार्थों का अधिक प्रयोग करना चाहिए। हमें अपने दिन की शुरूआत योग से करनी चाहिए। शिविर संयोजिका महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ रिंकू ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। जब तक हमारा शरीर स्वस्थ नहीं होगा। हम अपने निश्चित लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। अतः प्रत्येक छात्रा को चाहिए कि एक घंटा अपने शरीर के विकास के लिए दें। अंत में सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्राओं ने योगाचार्य विशन सिंह आर्य, संजय शास्त्री, मास्टर सुनील कुमार सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समापन अवसर पर डॉक्टर यशवंती सांगवान, डॉ मीना, डॉ प्रियंका, डॉक्टर मनीषा लाठर, डॉ प्रदीप कुमार इत्यादि का विशेष सहयोग रहा। छात्राओं में कुमारी पूजा, बीनू, आरती ने सूर्य नमस्कार व योगासन में अव्वल स्थान प्राप्त किया।

# शिविर में 25 यूनिट हुआ रक्तदान

08-03-2022



महिला महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में प्रशस्ति-पत्र के साथ रक्तदाता व अतिथिगण।

संवाद न्यूज एजेंसी

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर रिंकू ने बताया कि महिला दिवस के अवसर पर कॉलेज प्रांगण में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य सुनीता यादव उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनिल कुमार ने की। डॉ. उमेद जांगिड़ व प्रोफेसर रिंकू ने बताया कि छात्राओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते हुए डॉ. सुनीता यादव ने कहा कि रक्तदान जैसे पुण्य कार्य के लिए मातृ शक्ति का आगे आना एक सराहनीय पहल है। इस दौरान रितु, प्रदीप जांगड़ा, तस्वीर, दिनेश आदि मौजूद रहे।

25/03/2023

# स्वावलंबी नारी समाज की मार्गदर्शक : जितेंद्र



बाढड़ा। कस्बे के ब्राह्मण भवन में राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को स्वावलंबी जीवन यापन करने के लिए मानसिक तौर पर मजबूत रहने का आह्वान किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य सूबे सिंह ने की। शिविर में पिंकी, प्रिया, मंजू, उर्मिला, सुदेश,कविता, अंजू, पूनम, प्रोफेसर सोनू भारद्वाज, प्रदीप, मुकेश, मीना, अनिता, प्रियंका, यशवंती, कमलेश, मनीषा, पूनम, उषा आदि मौजूद रहे। संवाद

26/3/2022

# स्वयंसेविकाओं को पढ़ाया राष्ट्रीयता का पाठ



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन छात्राओं को राष्ट्रीय एकता का पाठ पढ़ाया गया। कार्यक्रम में नशामुक्ति पोस्टर मेकिंग स्पर्धा भी आयोजित की गई। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर यशवंती व प्रोफेसर जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रातःकालीन सत्र में भारतीय संस्कृति विषय पर श्याम सिंह कुशवाहा ने देशसेवा के लिए स्वयंसेविकाओं को प्रेरित किया। इस दौरान स्वयंसेविका निशा, अंजू, सुमन ने देश भक्ति कविता सुनाई। नितिन ने देशभक्ति रागनी, प्रिया, मनजीत व प्रीति ने भाषण की प्रस्तुति दी। नशा मुक्ति विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निशा प्रथम व पूजा द्वितीय रही। इस अवसर पर कमल, तस्वीर, सोनू, जयवीर, दिनेश व ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे। संवाद

दैनिक भास्कर

# चरखी दादरी भास्कर 28-03-2023

खींची गई सर्वश्रेष्ठ फोटो जमा कर सकते हैं।

आघात पहुचा है। दादरी के 12 पार्षदों ने भी नगर परिषद द्वारा खींची गई दीवार को तुड़वाने एवं कब्जा करने के प्रयास पर रोक

अनुसार हमारे समाज के लोग इस कुंए पर पूजा-अर्चना करते हैं व

संजू देवी, सरिता, विक्की आदि मौजूद थे।

### राजकीय महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने स्लोगन के माध्यम से दिया बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की एनएसएस इकाइयों द्वारा सात दिवसीय कैंप के तीसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशवंती तथा प्रो. जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में प्रातः कालीन सत्र में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया। प्रतियोगिता में 24 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया ...



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविका प्रतियोगिता में बनाए गए स्लोगन के साथ।

... का संदेश दिया। ... विभाग कार्यक्रम अधिकारी गीता ... शिविर में पहुंचे। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को महिलाओं एवं बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। किस अवस्था में बच्चों को कौन सा भोजन देना चाहिए, स्वयं सेविकाओं को संबोधित किया। इसके साथ ही उन्होंने महिला शिक्षा व सुरक्षा के लिए स्वयं सेविकाओं को जानकारी दी। सभी स्वयं सेविकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगाते हुए बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए संदेश दिया। सायंकालीन सत्र में स्वयं सेविकाओं ने नशा मुक्ति विषय पर नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। जिसके माध्यम से नशे से दूर रहने का आह्वान भी किया।

Date
DELTA Pg No

Dt.
Page

28/3/2023

# नशा मुक्ति समाज से होगा सक्षम भारत का निर्माण

**संवाद सहयोगी, बाढड़ा:** कस्बा बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाइयों द्वारा सात दिवसीय शिविर में जिला परियोजना अधिकारी गीता सहारण ने सोमवार को छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम के प्रचार प्रसार का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अभिभावकों व ग्रामीणों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

शिविर के तीसरे दिन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. यशवंती तथा प्रो. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण ने स्वयं सेविकाओं को महिलाओं एवं बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित जरूरी जानकारी दी। सभी स्वयं सेविकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे लगाते हुए बेटियों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। इसी विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्वयं सेविकाओं ने उत्साह से भाग लिया। भारतीय संस्कृति विषय पर श्याम सिंह कुशवाहा ने प्रेरणादायक विचारों से स्वयं सेविकाओं को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि भारत अधिक जनसंख्या के साथ एक बड़ा देश है जहां विभिन्न धर्मों के लोग अपनी अनोखी संस्कृति के साथ एक साथ रहते हैं। देश के विभिन्न राज्यों की वेशभूषा और खानपान के बारे में छात्राओं को बताया। स्वयंसेविका निशा, अंजू, सुमन ने देशभक्ति कविता, नितिन ने रागनी, प्रिया व मंजीत ने गीत तथा प्रीति ने भाषण की शानदार प्रस्तुति दी।

नशा मुक्ति प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा, द्वितीय स्थान पूजा और प्रियंका तथा तृतीय स्थान अंजू व प्रिया ने प्राप्त किया। सायंकालीन सत्र में स्वयं सेविकाओं ने गांव बाढड़ा में डोर टू डोर जाकर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान में अपनी विशेष भूमिका निभाई।



एनएसएस शिविर में नशामुक्ति पोस्टर में प्रथम आने वाली छात्राओं को सम्मानित करती सीडीपीओ गीता सहारण। • विज्ञप्ति


Date
DELTA Pg No

29/3/2023

# महिला महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने जागरूकता रैली निकाल लोगों को यातायात नियमों की दी जानकारी

## नियमों की अवहेलना करने वाले चालकों को नुकसान के बारे में भी चेताया


भास्कर न्यूज | बाढड़ा



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविका बस स्टैंड पर लोगों को जागरूक करते हुए।

राजकीय महिला महाविद्यालय की दोनों एनएसएस इकाइयों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवे दिन यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। छात्राओं ने वाहनों को रोककर यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया तथा जागरूकता से ही दुर्घटना व मृत्यु दर में कमी लाने का संदेश दिया। चरखीदादरी के ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज एसआई रमेश ने कहा कि हमें ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए और 18 वर्ष की उम्र पूरी करने से पहले वाहन नहीं चलाने चाहिए। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। इससे स्वयं भी सुरक्षित होंगे तथा दूसरे भी सुरक्षित होंगे। स्वयंसेवकों ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को रोककर स्वयं व दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पोस्टरों के माध्यम से स्वयंसेवियों ने आम लोगों को शहर के यातायात विशेषकर कॉलेज रोड पर सुरक्षित ड्राइविंग करने का आह्वान किया। पोस्टरों में यातायात नियमों को पालन करने के चित्र उकेरे गए थे। इसके साथ ही नियमों की अवहेलना करने वाले चालक और राहगीरों को नुकसान के बारे में भी ... छात्राएं ज्यादा सक्रिय दिखीं। इस दौरान सड़क सुरक्षा से जुड़े स्लोगन भी लगाए गए। इस अवसर पर सुनील, रमेश, अमरजीत, प्रो. जितेन्द्र, प्रो. यशवंती, डॉ.सोनू, ओमप्रकाश, दिनेश, सुमन, मोनिका, पूजा, प्रियंका, कल्पना,

# स्वयंसेविकाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



महिला महाविद्यालय में पौधरोपण करतीं स्वयंसेविकाएं। विज्ञप्ति

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा के एनएसएस शिविर के दौरान मंगलवार को स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में सफाई की। कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र और प्रोफेसर यशवंती ने स्वयंसेविकाओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में 30 पौधे लगाए गए। संवाद

# छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : बाढड़ा स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में जिला पुलिस ने बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत कालेज में छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को यातायात नियमों के बारे में जानकारियां दी गई।

पुलिस अधीक्षक दीपक गहलावत के निर्देशानुसार बुधवार को ट्रैफिक पुलिस द्वारा बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में चलाए गए अभियान के दौरान सब इंस्पेक्टर रमेश ने कहा कि हर वर्ष हजारों लोग सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा देते हैं। सड़क हादसों का बड़ा कारण यातायात नियमों का पालन ना करना और नियमों की पालना में लापरवाही बरतना है। हम सभी को यातायात नियमों की सक्रियता से पालन करने चाहिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की उल्लंघन करने पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान भी किए जा रहे हैं। चालान करने का मुख्य उद्देश्य है कि लोग यातायात नियमों की पालना करने के प्रति जागरूक हों और नियमों की पालना सुनिश्चित करें।



बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय मे यातायात नियमो की जानकारी देते सब इंस्पेक्टर रमेश। • विज्ञप्ति

**कम उम्र के बच्चों को न चलाने दें वाहन :** एसआइ रमेश ने अपने संबोधन में कहा कि अभिभावक अपने 18 साल से कम उम्र के बच्चों को बाइक इत्यादि वाहन सार्वजनिक स्थान पर चलाने के लिए ना दें। इससे बच्चों व दूसरे वाहन चालकों को खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग सीखते समय वाहन के पीछे एल का निशान जरूर लगवाएं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य, कालेज स्टाफ सदस्य, छात्राएं व ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

Date
DELTA Pg No



# राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच: परमजीत

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाइयों की ओर से चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जितेंद्र प्रो. यशवंती की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सप्ताह भर चले कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. परमजीत ने किया। मुख्य अतिथि परमजीत ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का पूर्ण मंच है। इसके द्वारा छात्रों का चौमुखी विकास होता है। इसके बाद एनएसएस के छात्राओं द्वारा नारी शिक्षा पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसके द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े छात्र-छात्राओं से प्रेरित होकर एक अनपढ़ महिला के अंदर पढ़ने की इच्छा शक्ति उत्पन्न होने का मंचन किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर के विभिन्न दिनों में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि द्वारा वितरित किए गए। अंत में महाविद्यालय कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जितेन्द्र प्रो. यशवंती ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रोफेसर सोनू, ऊषा, अनिता, रिंकू, मीना, गुणपाल, मनीषा, किरण, छात्रा पिंकी श्योराण, मोनू, आरती, नितिन, किरण, सुमन, रवीना, मोनिका, प्रिया, प्रियंका, पूजा आदि मौजूद थे।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय एनएसएस स्वयंसेविकाओं के साथ स्टाफ सदस्य।

Date
DELTA Pg No



# राजकीय महिला कॉलेज की स्वयंसेविकाओं ने किया सर्वे

भास्कर न्यूज़ | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई एक व दो द्वारा गांव बाढड़ा और भांडवा में यूथ सेंट्रिक पॉलिसी मेकिंग प्रोसेस एंड फॉर्मूलेशन ऑफ नेशनल यूथ पॉलिसी के अंतर्गत 15 से 29 वर्ष के युवा जो न तो औपचारिक शिक्षा में हैं और न ही नियमित रोजगार में हैं, ऐसे युवाओं का सर्वेक्षण किया गया। सर्वे का आयोजन कार्यकारी प्राचार्य सुबे सिंह की अध्यक्षता में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक यशवंती तथा सहायक प्राध्यापक जितेन्द्र कुमार आर्य के मार्गदर्शन व निर्देशन में सभी स्वयंस विकाओं के द्वारा 26 अप्रैल 2023 तथा 27 अप्रैल 2023 को किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेविका सुमन, किरण, सविता, अंजू, बंटी, सोनिया, दीपिका, निकिता, प्रियंका, दिनेश, ओम प्रकाश आदि उपस्थित थे।


# महिला महाविद्यालय में चलाया सफाई अभियान

06-06-2023

बाढड़ा। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महिला महाविद्यालय में एनएसएस स्वयं सेविकाओं व शिक्षकों ने पौधरोपण किया और विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इको क्लब प्रभारी प्रोफेसर रिंकू, एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर यशवंती ने छात्राओं को पर्यावरण दिवस का महत्व समझाया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे आसपास सफाई रखें और कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं। संवाद

6/6/2023

# छात्राओं ने पौधारोपण कर स्वच्छता मुहिम चलाई



...कालेज में पौधारोपण करतीं छात्राएं।

...सहयोगी, बाढड़ा : महिला ...द्यालय में एनएसएस स्वयं ...ओं व शिक्षकों ने पौधारोपण ...ालय परिसर में स्वच्छता ...न चलाया। इस दौरान सभी ... संरक्षण का संदेश दिया। ...गों के करीब दो दर्जन ... गए। अभियान ...प्रभारी ...एस प्रभारी

प्रोफेसर यशवंती ने छात्राओं को पर्यावरण दिवस का महत्व समझ... उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण स... के लिए विशेष कदम उठाने होंगे। उन्होंने सभी छात्राओं से अपील ... कि वे अपने घर के आसपास सा... सफाई रखें और कम से कम ए... पौधा जरूर लगाएं। इस मौके प... महाविद्यालय की सभी छात्राएं व स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

18/08/2023

# कालेज छात्राओं ने विज्ञान निबंध लेखन स्पर्धा में दिखाई प्रतिभा

संवाद सहयोगी, बाढड़ा: कस्बा बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में विज्ञान समिति प्रभारी डा. मीना कुमारी के नेतृत्व में मंगलवार को विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कालेज स्तरीय विज्ञान निबंध प्रतियोगिता में मीना कुमारी ने छात्राओं को विज्ञान प्रौद्योगिकी की जानकारी दी तथा छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। दूरसंचार पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव, आधुनिक प्रौद्योगिकी में रोबोट की भूमिका, आर्थिक विकास के लिए संपदा अधिकारों की आवश्यकता, वर्तमान परिदृश्य में बुद्धि की भूमिका, जलवायु पर मानव प्रभाव इत्यादि निबंध लेखन प्रतियोगिया के विषय रहे। प्रथम स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा निकिता, द्वितीय स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा रितु, तृतीय स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा कौशिल तथा चतुर्थ स्थान बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा पायल ने प्राप्त किया।



हिला कालेज मे विज्ञान निबंध स्पर्धा में अव्वल आने वाली छात्राएं। ● विज्ञप्ति।

22/8/2023

# प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में टीम-ए प्रथम और टीम-ई द्वितीय रही



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में प्रश्नोतरी प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं के साथ स्टाफ सदस्य।

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में व विज्ञान सोसाइटी प्रभारी डा. मीना कुमारी के नेतृत्व में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान संकाय की विभिन्न छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान गणित, रसायन विज्ञान, भौतिकी विज्ञान से छात्राओं से विभिन्न प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता के दौरान आठ टीमें बनाई गई। प्रत्येक टीम से तीन प्रतिभागी सदस्य शामिल किए गए। प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक विषय के छह चरण करवाए गए। दो चरण दृश्य के करवाएं गए व अन्त में एक चरण रेपिड फायर का करवाया गया। इस दौरान प्रथम स्थान टीम ए- राधा, निकिता, प्रियंका ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान टीम ई- निशा, अलका, अनु ने व तृतीय स्थान टीम डी-कुसुमलता, अभिषा, सोनिया ने प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. यशवंती, प्रो. प्रदीप, प्रो. गरिमा, प्रो. आनन्द, प्रो. कमल, प्रो. रितु आदि उपस्थिति रहे।

# राजकीय महिला कॉलेज में नशा मुक्ति को लेकर हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

भास्कर न्यूज | चरखी दादरी

बाढ़ड़ा के राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रोफेसर यशवंती के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में एनएसएस छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाकर संदेश दिया। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर यशवंती के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान, नशीली दवाओं का दुरुपयोग, पर्यावरण संरक्षण तथा प्लास्टिक मुक्त हरियाणा विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से



दादरी। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पोस्टर दिखाती छात्राएं।

स्वयं सेविकाओं ने संदेश दिया कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग व नशा हमारे स्वास्थ्य, शांति और विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। पर्यावरण संरक्षण तथा हरियाणा को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। प्रतियोगिता में स्वयं सेविका अन्नू ने प्रथम स्थान, कुमारी काजल ने दूसरा तथा सुनीता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

15/9/2023




चरखी दादरी(राकेश वर्मा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सौरव कुमार के निर्देश अनुसार इंटरनेशनल लिटरेसी डे पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत सरकारी कॉलेज बाढड़ा में लीगल लिटरेसी क्लब की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से एडवोकेट नरेश कुमारी ने बतौर मुख्य वक्ता भाग लिया और विद्यार्थियों को उनके मौलिक कर्तव्य के बारे में जानकारी दी। जागरूकता कैंप को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि साक्षरता न केवल लोगों को बेहतर जीवन जीने में मदद करती है बल्कि गरीबी मिटाने, जनसंख्या को नियंत्रित करने, बाल मजदूरी दर को कम करने आदि में भी मदद करती है। लोगों को साक्षर होने और सामाजिक और मानव विकास के अपने अधिकारों को जानने की जरूरत है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से दी जाने वाली सहायता के बारे में भी अवगत कराया। के सभी प्राइवेट सरकारी स्कूलों में भी बच्चों को जागरूक करने के लिए जेजे एक्ट और पोक्सो एक्ट के तहत कैंप लगाए जा रहे हैं। कैंप में वीरवार को बाल संरक्षण अधिकारी रोशन लाल व मुख्य अधिवक्ता रेनू सांगवान ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौंद कलां, आदर्श पब्लिक स्कूल बौंद कलां और बीसीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रानीला में बच्चों को जेजे एक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि बच्चे अपनी हर बातें और शिकायत समय पर बताते हैं तो जेजे एक्ट और पास्को एक्ट उनको मदद करता है। उसके लिए अभिभावक व अध्यापक बच्चों की हर बात को सुने और बच्चों की हर छोटी-मोटी शिकायत को समय पर ध्यान दें। इससे बच्चों का किसी तरह से शोषण नहीं हो सकता।

Date
DELTA Pg No.


# निबंध प्रतियोगिता में संगीता बनी विजेता

04-10-2023



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान मातृभाषा की प्रमुख विशेषताओं पर निबंध लिखवाया गया। प्रतियोगिता में छात्रा संगीता प्रथम स्थान पर रहीं। द्वितीय स्थान छात्रा आरती ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान खुशी को मिला। प्राचार्य सूबे सिंह ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से लेखन दक्षता भी बढ़ती है। संवाद

# रंगोली प्रतियोगिता में सुनीता व सविता रही प्रथम



18-10-2023

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम रहा। प्रवक्ता मीना ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में सुनीता व सविता प्रथम स्थान पर रही। छात्रा मुस्कान व सविता ने दूसरा व ममता व पिंकी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य सूबे सिंह ने कहा कि 18 वर्ष आयु पूरी होते युवा को वोट बनवाना चाहिए और चुनाव में अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए। संवाद

31-10-2023

# मतदाता जागरूकता निबंध प्रतियोगिता में किरण प्रथम



मतदाता जागरूकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

संवाद सहयोगी, बाढड़ा: राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता इलेक्ट्राल क्लब प्रभारी प्रोफेसर मीना ने किया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता का विषय वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा किरण ने व द्वितीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान व कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# महिला कालेज में प्रश्नोत्तरी स्पर्धा

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : कस्बा बाढड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में शनिवार को प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता एवं भूगोल विभाग प्रभारी प्रो. रिंकू के नेतृत्व में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रो. रिंकू की देखरेख में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 15 टीमों ने भाग लिया। जिसमें स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं की छात्राएं शामिल रहीं। इस प्रतियोगिता में टीम आई ने प्रथम स्थान, टीम बी ने द्वितीय स्थान व तीसरा स्थान टीम जी ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर डा. अनिल सांगवान, डा. मुकेश कुमार, डा. तसवीर, प्रो. संजय, प्रो. उषा, प्रो. मनीषा लाठर, प्रो. प्रदीप, प्रो. पूनम प्रो. अनिता सहित स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद रहे।

04-11-2023



बाढड़ा महिला कालेज में आयोजित प्रश्नोतरी स्पर्धा में विजेता छात्राएं।

# भाषण और स्लोगन से मतदान करने के लिए किया जागरूक



राजकीय महिला कालेज में जागरूक मतदाता पर कार्यक्रम में भागीदारी करती छात्राएं।

**संस, बाढड़ा:** राजकीय महिला कालेज में प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता में व इलक्ट्रोल क्लब प्रभारी प्रो. मीना के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भाषण व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने व द्वितीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दीपिका ने और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रवेश व स्नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अन्नु ने प्रथम स्थान, प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान व सोनिया ने द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान विशाखा व अंतिमा ने प्राप्त किया।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में रसायन विज्ञान प्रश्नोतरी में निशा व निकिता प्रथम


25-01-24

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में प्राचार्य सुबे सिंह की अध्यक्षता में व साइंस सोसाइटी प्रभारी डॉ. मीना कुमारी के नेतृत्व में महाविद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान तथा भूगोल विषय से विभिन्न विषयों पर कार्यकारी मॉडल प्रस्तुत किए। इस दौरान विज्ञान संकाय की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। रसायन विज्ञान में औद्योगिकी रसायन शास्त्र, बहुलक, मिलावट, दुग्ध उत्पादों में गैर प्रौद्योगिकी रसायन, भौतिक विज्ञान में एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स, यांत्रिकी, रॉकेट प्रौद्योगिकी, रिमोट सेंसिंग, तरंग चलन, तथा भूगोल विषय में भौतिक परिदृश्य, मरुस्थलीकरण, वनीकरण तथा रिमोट सेंसिंग आदि विषयों पर छात्राओं द्वारा मॉडल प्रस्तुत किए गए। महाविद्यालय के विज्ञान सोसाइटी के सदस्यों ने निर्णायक मण्डल की भूमिका निभाई। रसायन विज्ञान में प्रथम स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा निशा व निकिता ने तथा बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा कुसुमलता व सोनिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भौतिकी विज्ञान में प्रथम स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा निशा व अनु ने प्राप्त किया। एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अंशु व निशा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर डॉ. परमजीत सिंह, डॉ. मुकेश कुमार, प्रो. यशवंती, प्रो. रिंकू, प्रो.आनन्द, प्रो. मीना, प्रो. कमल, डॉ. रितु, प्रो. प्रियंका, डॉ.मनीषा लाठर, डॉ. कमलेश, प्रो. तस्वीर उपस्थित रहे।

Date
DELTA Pg No.

23-01-24

# महिला कालेज छात्राओं ने अग्रोहा धार्मिक स्थल का किया भ्रमण



अग्रोहा के धार्मिक स्थल का दौरा करती छात्राएं।

संवाद सहयोगी, बाढड़ा : राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत महिला प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. रिंकू के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण पर छात्राओं को अग्रोहा धाम और हिसार जिंदल ज्ञान केंद्र ले जाया गया। इस दौरान उनको अनेक ज्ञानवर्धक जानकारियां मिली वहीं भारतीय धार्मिक विचारधारा व हरियाणवी संस्कृति से रूबरू होने का अवसर मिला। महिला महाविद्यालय छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण पर हिसार जिंदल ज्ञान केंद्र व अग्रोहा धाम का भ्रमण किया। यहां उन्होंने कृष्ण लीला व राम लीला की झांकियां भी देखी। उन्होंने बताया कि भ्रमण का यह समय छात्राओं लिए ज्ञानवर्धक भी रहा। हिसार स्थित जिंदल ज्ञान केंद्र से भी छात्राओं ने जानकारी हासिल की। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान डा. गुणपाल सिंह, प्रो. प्रियंका इत्यादि उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरुकता के लिए निकाली रैली

21-03-24

## बाढड़ा राजकीय महाविद्यालय की छात्राओं को एसडीएम ने किया रवाना

संवाद न्यूज एजेंसी



बाढड़ा में जागरुकता रैली को रवाना करते एसडीएम सुरेश दलाल। स्रोत: संस्थान

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा की एनएसएस इकाई की छात्राओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठें दिन मतदाता जागरुकता के नारों के साथ रैली निकाली। रैली को एसडीएम सुरेश दलाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एसडीएम बाढड़ा सुरेश दलाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। छात्राओं को संबोधित करते हुए एसडीएम सुरेश दलाल ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में बाढड़ा क्षेत्र की भागीदारी शत- प्रतिशत होनी चाहिए और इसके लिए महिला मतदाताओं की भागीदारी महत्वपूर्ण रहेगी। एनएसएस वालंटियर्स अपने मत का प्रयोग तो करें ही साथ में परिवार के लोगों को भी प्रेरित करें।

एनएसएस देश सेवा का अच्छा माध्यम होता है। स्वयंसेवक मतदाताओं को मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने का लोकतांत्रिक कार्य करें।

एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी डॉ. जितेंद्र कुमार, यशवंती और चुनावी साक्षरता क्लब प्रभारी मीना ने भी विचार रखे।

Date
DELTA Pg No

दैनिक भास्कर चरखी दादरी भास्कर 20-04-2024

# स्वीप टीम ने 40 से अधिक छात्राओं का वोट के लिए करवाया पंजीकरण

## राजकीय महिला महाविद्यालय में चलाया एक दिवसीय पंजीकरण अभियान

भास्कर न्यूज | बाढड़ा

पहली बार मतदान में भाग लेने का अवसर मिले और लोकतंत्र के महापर्व में लड़कियों का योगदान बढ़े इसके लिए दादरी जिला उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशन में स्वीप टीम द्वारा महिला महाविद्यालयों में छात्राओं के वोट पंजीकरण अभियान चलाया गया है। शुक्रवार को राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में स्वीप टीम द्वारा एक दिवसीय मतदाता पंजीकरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया और 40 से अधिक नए वोट हेतु पंजीकरण किया गया। छात्राएं नए वोट बनवाने की प्रक्रिया को समझें इसके लिए छात्राओं से ही उनके मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन के जरिए नए वोट हेतु पंजीकरण करवाया गया। छात्राओं को समझाया गया कि मतदाता बनने के लिए शादी का इंतजार न करें और 18 वर्ष की आयु पूर्ण होते ही अपना वोट बनवाएं। शादी के बाद मतदाता सूची में नाम स्थानांतरण की प्रक्रिया बहुत आसान है। प्राचार्य डॉ. सुबे सिंह ने शेष छात्राओं को भी जल्द से जल्द अपना वोट बनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय की चुनाव साक्षरता क्लब प्रभारी प्रो. मीना ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु के बाद मतदाता सूची में नाम अवश्य दर्ज करवाना चाहिए यह हमारा अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। स्वीप टीम सदस्य हरपाल आर्य, सुंदरपाल फौगाट और रविंद्र जाखड़ ने उपस्थित छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन प्रयोग करना सिखाते हुए बताया कि हरियाणा में 26 अप्रैल तक नए वोट बनवाए जा सकते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर अनिता, अनिता, रिंकू, डॉ पूनम, डॉ गरिमा, आदि उपस्थित रहीं।




बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करते स्वीप टीम सदस्य।

२०-०४-२४

# नया वोटर, नई बात

मुझे इस दिन का कई वर्षों से इंतजार था कि कब मुझे मताधिकार का मौका



मिलेगा और मैं भी अन्य मतदाताओं की तरह मताधिकार का इस्तेमाल करूंगी। चुनाव किसी त्योहार से कम नहीं लग रहे। अब तक स्वजनों के साथ जाकर केवल प्रक्रिया को देखती थी। शिक्षा, विकास, भ्रष्टाचार और रोजगार की बात करने वाले प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे।

**छात्रा**, सोनिका

मुझे इस बात की खुशी है कि मेरे एक वोट की भी चुनाव प्रक्रिया में



सहभागिता होगी। वह स्वजनों के साथ जाकर सबसे पहले मतदान करेगी। मैं स्वयं मत डालने के साथ-साथ अपने अन्य दोस्तों को भी प्रेरित कर रही हूं। मेरी प्राथमिकता है कि जो दल देश के सभी लोगों को एक साथ लेकर चलने का कार्य कर सके उसे मजबूत करने का प्रयास करेंगे।


**छात्रा**, निकिता

दैनिक भास्कर चरखी दादरी भास्कर 25-04-2024

# बुजुर्गों के सम्मान के साथ हो शत-प्रतिशत मतदान: एडीसी

भास्कर न्यूज बाढड़ा

स्वीप टीम द्वारा 25 मई को लोकसभा चुनाव के दौरान शत प्रतिशत मतदान के लिए नव मतदाता से लेकर बुजुर्गों तक पहुंच कर मतदान की अपील की जा रही है। चरखी दादरी स्वीप नोडल अधिकारी एवं एडीसी डॉ जयेंद्र छिल्लर ने बाढड़ा पहुंच कर मतदान में भागीदारी के लिए युवाओं और बुजुर्गों से एक साथ बातचीत की और लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होने की अपील की। एडीसी ने महिला महाविद्यालय के सभागार में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में पहुंचे बुजुर्ग मतदाताओं को पगड़ी पहनाकर कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पहुंचे 94 वर्षीय शौर्य चक्र विजेता खोरड़ा से कैप्टन नंदराम, बाढड़ा से धर्मचंद, रामचंद्र, और रतिराम को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते हुए एडीसी डॉ जयेंद्र छिल्लर ने कहा कि क्षेत्र के बुजुर्ग मतदाताओं से अन्य मतदाताओं को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने आंगनवाड़ी वर्कर और छात्राओं से बात करते हुए कहा कि मातृ-शक्ति को मतदान जागरूकता के लिए आवाज बुलंद करनी चाहिए क्योंकि आपकी बात का असर अन्य से ज्यादा होता है। एडीसी ने कहा कि नए वोट के लिए अंतिम तीन दिन शेष है, सभी पात्र 26 अप्रैल तक वोट के लिए पंजीकरण करवा लें। कार्यक्रम में सभी को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलवाई गई।



बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय में शत प्रतिशत की शपथ दिलवाते एडीसी डा. जयेन्द्र छिल्लर।

कार्यक्रम में डीएसपी भारत भूषण, डीइईओ डॉ. पवन कुमार, सीडीपीओ सुनीता सांगवान, प्राचार्य डॉ. सूबे सिंह, चुनाव साक्षरता प्रभारी मीना, स्वीप इंचार्ज जलकरण बीईओ, स्वीप टीम सदस्य हरपाल आर्य, रविंद्र जाखड़ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन असिस्टेंट प्रो. अनिता ने किया। कार्यक्रम में छात्रा किरण, मनीषा, मंजीता और प्रवीण ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया।

07-05-24

# नशे से होने वाले नुकसान से कराया अवगत



राजकीय महिला कालेज में नशा मुक्ति प्रतियोगिता में भागेदारी करने वाली छात्राएं। • विज्ञप्ति

संवाद सहयोगी, जागरण • बाढड़ा : कस्बा बाढड़ा स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य सूबे सिंह की अध्यक्षता व ड्रग्स प्रीवेंशन के नोडल अधिकारी डा. गुणपाल सिंह के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। जिसके तहत भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने समाज को नशीले पदार्थों के प्रयोग से होने वाले नुकसान बारे जागरूक किया। स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा दीपिका ने अपने भाषण के माध्यम से बताया कि नशा व्यक्ति की मानसिक कार्य क्षमता और निर्णय शक्ति को बाधित करता है।

हमें बुरी संगत और बुरी चीजों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। नशे से बचाव के लिए हमें अपनी लाइफस्टाइल और दिनचर्या में बदलाव लाना होगा। रोजाना योग व्यायाम जरूर करना चाहिए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा दीपिका, द्वितीय स्थान पर स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा प्रिया तथा तृतीय स्थान पर स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा अंतिमा तथा प्रीति रहीं। इस अवसर पर प्रो. यशवंती, प्रो. रिंकू, प्रो. मीना, प्रो. कमलेश, प्रो. मनीषा लाठर, प्रो. रितु, प्रो. प्रियंका, प्रो. पूनम इत्यादि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

******